हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 16.3 डिग्री

10 पूर्व मंत्री अमितेश ने शुक्ल भवन में फहराया तिरंगा



11 हत्या कर कमल विहार में सुनसान जगह फेंका था...




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

आवेदन की अंतिम तिथि 07/02/2025

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. Fire Technology Industrial Safety
2. B.Sc. in Fire Safety
3. Pg. Fire & Industrial Safety
4. Pg. industrial Safety



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

(1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782

ADVT.


## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश पर जानलेवा हमला, नाबालिग गिरफ्तार

**रायपुर**। टिकरापारा पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। घटना 30 दिसंबर 2024 की रात करीब 8 बजे की है। प्रार्थी रविंद्र यादव उर्फ बबलू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घटना के समय दो लड़के उसके पास आए और पूर्व में हुए विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज और विवाद करने लगे। मना करने पर दोनों ने मिलकर उस पर चाकू से हमला किया और फरार हो गए थे। इस हमले में रविंद्र के हाथ पर चोटें आई थीं। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है, वहीं उसका एक साथी अभी फरार है।

### तलवार लेकर घूमते धरा गया बदमाश

**रायपुर**। ब्रह्मदेई पारा खमतराई में एक बदमाश तलवार लेकर घूम रहा है, यह सूचना मंगलवार को खमतराई पुलिस को मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी हरि नारायण निषाद निवासी ब्रह्मदेई पारा खमतराई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तलवार जब्त की है।

### सेंट्रल जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# ड्रग केस में पकड़े गए नाइजीरियन बंदी ने जेल में लगा ली फांसी, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय जेल रायपुर में एक विचाराधीन नाइजीरियन कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना दोपहर 12 से 1 बजे के बीच की है। इस घटना के बाद से जेल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। दिनदहाड़े सेल में कैदी के फांसी लगाने की घटना से जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। इधर इस घटना को लेकर जेल प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी बता नहीं पा रहे हैं। हालांकि जेल प्रशासन की सूचना पर गंज थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर इसे जांच में लिया है।

गंज थाना प्रभारी ने बताया कि केंद्रीय जेल रायपुर से करीब 1 बजे सूचना मिली कि जेल के अंदर सेल में एक कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पहुंची, तो मृतक कैदी सेल के किनारे में कपड़े से फांसी पर लटका

▶▶ शेष पेज 11 पर

### करीब दो घंटे फंदे पर लटकता रहा शव

सूत्रों के अनुसार कैदी ने सुबह करीब 11 से 11.30 बजे के बीच फांसी लगाई है, जबकि जेल प्रशासन ने गंज पुलिस को इसकी सूचना 1 से डेढ़ बजे के बीच दी है। इस तरह कैदी का शव डेढ़ से दो घंटे तक फांसी पर ही लटका रहा। इतनी देर तक कैदी फांसी पर लटका रहा, लेकिन इसकी जानकारी न ही कैदियों को हुई और न ही प्रशासन को। यह एक बड़ा सवाल है, जिसका जवाब देने से जिम्मेदार अधिकारी भी बच रहे हैं।



### कैदी ने खाने की क्वालिटी का किया था विरोध

सूत्रों के अनुसार जिस कैदी ने आत्महत्या की है, उसने कुछ दिनों पहले जेल में कैदियों को मिलने वाले खाने की क्वालिटी को लेकर विरोध जताया था, जिसका समर्थन अन्य कुछ कैदियों ने भी किया था। इस विरोध के कारण जेल प्रशासन में हड़कंप भी मचा था, लेकिन मामले को शांत कराने के लिए पेट्रिक को बाद में अलग सेल में डाल दिया गया था, जहां आज उसकी फांसी पर लटकी लाश मिली है। हालांकि पुलिस प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या मानकर ही चल रही है।पुलिस की जांच और पीएम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो पाएगा कि कैदी ने आत्महत्या की है या फिर उसकी मौत का कारण और कुछ है।

### ड्रग केस में अक्टूबर 2020 में मुंबई से हुई थी गिरफ्तारी

पुलिस के अनुसार कैदी पेट्रिक को रायपुर पुलिस ने ड्रग के मामले में 30 अक्टूबर 2020 को मुंबई से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे रायपुर लाकर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया था, तब से वह विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में बंद है।

### अपने ही शिक्षकों के लिए रविवि का तुगलकी फरमान

# इंटरव्यू में मिले 50% से कम अंक तो नहीं कर सकेंगे पीएचडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि के कई फरमान ऐसे होते हैं, जो छात्रों को समझ नहीं आते और वे हड़ताल या विरोध-प्रदर्शन में बैठ जाते हैं, लेकिन इस बार मामला थोड़ा अलग है। रविवि का नया तुगलकी फरमान उसके अपने ही शिक्षकों को समझ में नहीं आ रहा है। नौकरी के जाने के भय से वे इसका विरोध भी नहीं कर पा रहे हैं। यह आदेश पीएचडी से जुड़ा हुआ है। रविवि ने पीएचडी नियमों में बदलाव करते हुए यह आदेश निकाला है कि वे शिक्षक जिन्हें पीएचडी प्रवेश के लिए लिए जाने वाले साक्षात्कार में 50 प्रतिशत से कम अंक

▶▶ शेष पेज 11 पर

- पीएचडी प्रवेश संबंधित नियमों में एक और बदलाव, शिक्षक हैरान



### साक्षात्कार 30 अंकों का

रविवि के शिक्षकों के अलावा सामान्य कैंडिडेट को यदि साक्षात्कार में शून्य अंक भी मिलते हैं, तब भी वे पीएचडी करने के लिए पात्र होंगे। गौरतलब है कि रविवि द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा संबंधित नियमों को पिछले वर्ष बदला गया था। नए नियम के मुताबिक, लिखित परीक्षा के साथ-साथ साक्षात्कार प्रक्रिया से भी कैंडिडेट्स को गुजरना होगा। इसके पूर्व तक केवल लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही अभ्यर्थियों का चयन पीएचडी के लिए किया जाता रहा है। पीएचडी प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत साक्षात्कार 30 अंकों के होते हैं।

### विद्यापरिषद की बैठक में पारित

जनवरी माह में आयोजित की गई विद्यापरिषद की बैठक में इस नए नियम को अनुमोदित कर दिया गया है। पीएचडी के लिए वर्तमान में चल रही प्रक्रिया में यह नियम लागू होगा। अनुसूचित जाति-जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के कैंडिडेट्स को अंकों में 5% की छूट प्रदान की गई है।


## एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ | सीमित सीटें

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


## रात की तुलना में दोगुना हुआ दिन का तापमान, अभी और बढ़ेगी गर्मी

**रायपुर**। आसमान साफ होने की वजह से रात की तुलना में दिन का तापमान दोगुना हो गया है। आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाएंगे, जिससे रात के साथ दिन का तापमान और बढ़ेगा। अब दिन की लंबाई बढ़ने लगी है और सुबह 6.42 बजे उदय होने वाला सूर्य शाम 5.53 को अस्त हो रहा है। शुष्क हवा का अधिक प्रभाव राज्य के उत्तरी सीमा में मौजूद शहर पर अपना असर दिखा रहा है। बलरामपुर और रामानुजगंज का

▶▶ शेष पेज 11 पर

- बलरामपुर में शीतलहर जैसी स्थिति, छाएंगे बादल




### सूने मकान में धावा दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**। टिकरापारा पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी आरिफ खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि चौरसिया कालोनी मस्जिद के पास किराए के मकान में रहता है। वह एसके इंजीनियरिंग संजय नगर में मैकेनिक का काम करता है। 27 जनवरी को सुबह 10 बजे घर में ताला लगाकर अपने काम में चला गया था, वहीं घर के अन्य सदस्य शादी कार्यक्रम में गए हुए थे। रात करीब 10 बजे वह ड्यूटी से वापस घर लौटा तो मेन दरवाजे की कुंडी टूटी मिली। तीन आलमारियों के दरवाजे खुले हुए थे तथा सोने चांदी के जेवरात एवं नकदी रकम गायब थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपी सूफियान खान निवासी संजय नगर एवं अमितेश अय्यर निवासी मोतीनगर टिकरापारा को गिरफ्तार किया है।

### कातिलाना हमला मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**। डीडीनगर पुलिस ने जानलेवा हमला करने की घटना में शामिल फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना 1 नवंबर 2024 की रात रोहिणीपुरम क्षेत्र की है। प्रार्थी पार्श्वनाथ पांडेय निवासी विजय चौक डीडीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घटना के समय वह अपने दोस्त आकाश तिवारी के साथ उसकी स्कूटी से रोहिणीपुरम तालाब से लाखेनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान तालाब के पास एक स्कूटी पर सवार तीन अज्ञात लड़के बेवजह प्रार्थी और उसके दोस्त आकाश को लकड़ी के डंडे से मारपीट करने लगे, जिससे बचने के लिए दोनों वहां से भागे, लेकिन आरोपियों ने उनका पीछा किया और छुगानी प्राइड चंगोराभाठा के पास पकड़कर फिर उनसे मारपीट की।



## खबर संक्षेप



### कलेक्टर पहुंचे मत्स्य-पीएचई विभाग के दफ्तर

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को तेलीबांधा स्थित मत्स्य विभाग और पंडरी रोड स्थित पीएचई विभाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन करते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अवकाश पर जाता है, तो उसके अवकाश आवेदन की प्रति उपस्थिति रजिस्टर में अनिवार्य रूप से रखी जाए। उन्होंने विभागों में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था शीघ्र लागू करने के निर्देश भी दिए।

### वरिष्ठ अधिवक्ता ने मुकूट नगर उद्यान में किया ध्वाजारोहण



**रायपुर।** मुकूट नगर में गणतंत्र दिवस के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पांडे ने मुकूट नगर उद्यान में ध्वाजारोहण किया। सोसायटी के सदस्यों ने देशभक्ति से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जबकि वृद्धजनों ने देश की स्वतंत्रता संग्राम की कहानियां साझा की।

### गांड़ा समाज ने पुलिस प्रशासन का जताया आभार

**रायपुर।** समाज की केंद्रीय संस्था गांड़ा महासभा के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन और अधिकारियों का आभार जताया है। विगत दिनों राजधानी की कोटा क्षेत्र की 19 वर्षीय युवती का संदिग्ध परिस्थितियों में कमल विहार में शव मिला था, जिसके बाद समाज की केंद्रीय संस्था गांड़ा महासभा द्वारा इस मामले को लेकर राजधानी रायपुर घड़ी चौक स्थित आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह से आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा की मांग की थी।

*नगरीय निकाय चुनाव में भी खिलेगा कमल*

# नेताम और बृजमोहन बोले- मोदी की गारंटी को तेजी से पूरा करने के कारण भाजपा पर जनता का अटूट विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को जनता-जनार्दन का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है और भाजपा ऐतिहासिक जीत के साथ निकायों के माध्यम से जन समस्याओं का निवारण कर आम जन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने तथा विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा लगातार मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को तेजी से पूरा करने के कारण प्रदेश में भाजपा के प्रति अटूट विश्वास का वातावरण बना है। श्री नेताम ने कहा, राजधानी के नगर निगम में कांग्रेस पिछले 15 वर्षों से लगातार काबिज रही लेकिन निगम क्षेत्र में ऐसा एक भी काम नहीं किया जिसे कांग्रेस अपनी उपलब्धि के तौर पर गिना सके। रायपुर निगम को भ्रष्टाचार और कुशासन का पर्याय बना देने वाली कांग्रेस के चुनकर आए




जनप्रतिनिधियों ने हर स्तर पर जनता के साथ धोखाधड़ी की, विभिन्न योजनाओं के नाम पर जमकर लूटा। श्री नेताम ने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर कांग्रेस के पार्षदों ने गरीब और जरूरतमंद जनता को लूटने में कोई शर्म महसूस नहीं की। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों के साथ अन्य दस्तावेज तक प्राप्त करने में लोगों को भटकने के लिए कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने मजबूर किया। निगम क्षेत्र के वार्डों में सड़क, बिजली, पानी की मूलभूत सुविधाओं के लिए कांग्रेस ने एक धेला तक खर्च नहीं किया। श्री नेताम ने कहा कि 15 वर्षों तक रायपुर नगर निगम पर हुकूमत चलाने वाली कांग्रेस को आगामी निकाय चुनाव में माकूल जवाब देने के लिए जनता-जनार्दन ने कमर कस ली है।

### बृजमोहन ने कहा- हांफती हुई कांग्रेस हताशा के साथ चुनाव मैदान पर उतर रही

भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, जिस कांग्रेस को निकाय चुनावों तक में टिकटों की खरीदी-बिक्री के आरोपों का सामना करना पड़ रहा है, आधी रात को कांग्रेस प्रत्याशी बदलने की नौबत आई, महिला आरक्षित सीट पर पुरुष प्रत्याशी की घोषणा कर दी गई, अंतिम क्षणों तक जो कांग्रेस अपने पार्षद प्रत्याशियों की सूची जारी करने में हांफने लगी हो, वह कांग्रेस किस हताशा के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है, यह सहज समझने की बात है। श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सुविचारित रणनीति बनाकर निकाय चुनावों को पूरी गंभीरता से ले रही है, समय पर पूरे प्रदेश में सबसे पहले भाजपा ने प्रत्याशी चयन की समूची प्रक्रिया का पालन कर नपं-नपा अध्यक्ष, महापौर और पार्षद प्रत्याशियों की सूची घोषित की और अपने काम, अपनी उपलब्धियों और प्रामाणिकता के साथ जनता के बीच जा रही है।

# भूपेश बोले- पूरे नगरीय निकाय में बेहतर काम किए, कांग्रेस को मिलेगा फायदा

*नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हमने पूरे नगरीय निकाय में बेहतर काम किया है। रायपुर में 15 साल तक हर वर्ग के लिए काम किया है, इसका फायदा मिलेगा। महापौर के लिए इस बार भी बेहतर प्रत्याशी का चयन किया गया है। रायपुर में मेयर प्रत्याशी दीप्ति दुबे के नामांकन दाखिले के बाद श्री बघेल ने नेताओं-कार्यकर्ताओं की नाराजगी को लेकर उन्होंने कहा, कहीं-कहीं नाराजगी है, उन्हें मना लेंगे। नगरीय निकाय क्षेत्र में साय सरकार में एक ढेला काम नहीं हुआ है। कांग्रेस की जीत इस बार भी निश्चित है। कांग्रेस में टिकट के लिए लेन-देन का आरोप को लेकर उन्होंने कहा, बिलासपुर में क्या इन्हें ओबीसी महिला नहीं मिली। भाजपा के लोग पैसे की भाषा समझते हैं, इसलिए पैसे की बात करते हैं।*



लेन देन के आरोप पर कहा- भाजपा के लोग पैसे की भाषा समझते हैं

### सभी को खुश नहीं कर सकते

कांग्रेस में टिकट विवाद पर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा, यह तो प्रक्रिया है। कुछ लोग नाराज हैं, लेकिन उनको मना लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में विधानसभा में 90 सीट है, जबकि नगर निगम रायपुर में अकेला 70 सीट है, इसमें सभी को खुश नहीं किया जा सकता।



**72 की उम्र में अब सनातन समझना होगा:** कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के कुंभ पर दिए बयान को लेकर श्री सिंहदेव ने कहा, यह संवेदनशील विषय है, इस पर उन्होंने अपना दृष्टिकोण बताया है। अब हर बात में सनातन की बात होती है। 72 साल की उम्र में मुझे भी लगता है, अब सनातन समझना होगा। धर्म अलग है और कर्म अलग है। धर्म के साथ कर्म और मेहनत भी जरूरी है।

# कृषि में भी एमबीए कराएगा इग्नू, बताएंगे-कैसे करें फसल बाजार प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी अब कृषि में भी एमबीए कराएंगे। इग्नू की ओर से एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट कोर्स शुरू किया गया है। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू है। यह दो वर्षीय एमबीए कोर्स है। जिसे अधिकतम चार साल में पूरा किया जा सकता है। किसी भी विषय में स्नातक करने वाले छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह मेंटल हेल्थ पर पीजी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए भी आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। यह एक साल का कोर्स है। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने रोजगारपरक कोर्स की कड़ी में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कृषि व्यवसाय प्रबंधन में भी मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स प्रारंभ किया है। इग्नू से अब एमबीए करने वाले विद्यार्थियों को अध्ययन के और भी विकल्प मिल जाएंगे। एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट कोर्स में विद्यार्थियों को फसल प्रबंधन के साथ ही बाजार का प्रबंधन करना भी सिखाया जाएगा। कृषि क्षेत्र में होने वाले नुकसान को कैसे कम करें, इसके बारे में उन्हें विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

- दो वर्षों का होगा एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट कोर्स, चार वर्ष में कर सकेंगे पूर्ण

### जरूरी है स्नातक की डिग्री

इग्नू स्टडी सेंटर के डॉ.बिजय साहू के मुताबिक, एमबीए कोर्स के लिए स्नातक में उत्तीर्ण होना और डिप्लोमा कोर्स के लिए इंटरमीडिएट की पात्रता आवश्यक है। इसके लिए इग्नू स्टडी सेंटर में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। यहां लगभग सभी कोर्स में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन कर सकते हैं। इग्नू के माध्यम से कोर्स में विविधता के साथ ही कई रोजगारपरक कोर्स चल रहे हैं। जो व्यवसाय की दृष्टि से छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराते हैं। इग्नू के क्षेत्रीय कार्यालय से अधिक जानकारी हासिल की जा

# बृजमोहन रायपुर निगम के चुनाव संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने नगरीय निकाय चुनाव में दस नगर निगमों के लिए चुनाव संचालन का जिम्मा तय कर दिया है। रायपुर नगर निगम के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल को चुनाव संचालक बनाया गया है। यहां सह संचालक का जिम्मा राजेश मूणत को दिया गया है। इसी के साथ सभी निगमों के लिए समन्वयक भी बनाए गए हैं। बिलासपुर का संचालक पूर्व मंत्री और विधायक अमर अग्रवाल, सह संचालक धर्मजीत सिंह, दुर्ग का संचालक डिप्टी सीएम विजय शर्मा, सह संचालक गजेंद्र यादव, राजीव अग्रवाल, कोरबा का संचालक प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन, सह संचालक विकास रंजन महत्तो, अंबिकापुर का संचालक राजेश अग्रवाल और सह संचालक प्रबोध मिंज, प्रशांत त्रिपाठी, चिरमिरी का संचालक प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सह संचालक भैयालाल राजवाड़े, धमतरी का संचालक अजय चंद्राकर, सह संचालक राजेंद्र शर्मा, राजनांदगांव का संचालक अभिषेक सिंह और सह संचालक संतोष अग्रवाल, जगदलपुर का संचालक प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, सह संचालक श्रीनिवास राव मद्दी, शरद अवस्थी और रायगढ़ का चुनाव संचालक प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी, सह संचालक विजय अग्रवाल को बनाया गया है।

- भाजपा ने दस निगमों के लिए तय किए संचालक, सहसंचालक

## सार-समाचार

### पूर्व मंत्री अमितेश ने शुक्ल भवन में फहराया तिरंगा



**रायपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के केंद्रीय कार्यालय शुक्ल भवन बूढ़ापारा में पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने ध्वज फहराया। झंडा वंदन, राष्ट्रीय गीत, ध्वज सलामी, भारत माता का जयघोष किया गया। इस मौके पर श्री शुक्ल ने कहा कि शुक्ल भवन देश की आजादी के आंदोलन का प्रमुख स्थल रहा है, इस स्थल पर तिरंगा फहराते हुए मुझे गर्व का अनुभव हो रहा है। वर्तमान में कुछ राजनैतिक शक्तियां धर्म, जाति के नाम पर राजनीति कर रही हैं, हमें देश की एकता, अखण्डता के लिए कार्य करना है। इस अवसर पर रामअवतार देवांगन, नितिन कुमार झा, आभा मुदलियार, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, मनोज कंदोई, विकास गुप्ता, सुरेश उपाध्याय, डॉ. अजय शर्मा, ममता राय, गंगा बाई, रवि शर्मा समेत अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रगतिशील यादव महासंघ ने मनाया गणतंत्र दिवस



**रायपुर।** शहीद स्मारक भवन परिसर स्थित छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ कार्यालय परिसर में यादव समाज ने झंडा फहराया। यह कार्यक्रम सेना के जाबांज सेवानिवृत्त सेनाधिकारियों यथा ब्रिगेडियर डॉ. एचएस अग्रवाल, कर्नल केएल यादव एवं मेजर तारा अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व को सफल बनाने में जितेंद्र बहादुर यादव, रविंद्र सिंह रवि, राम यादव, राजेश यादव, विजय यादव, अरुणा यादव, प्रवीण यदु, सरिता, अशोक यादव, स्मिता यादव, बंशी यादव, सुजीत सिंह, हेमंत यादव आदि शामिल थे।

### गणतंत्र दिवस पर किया पुस्तक का विमोचन



**रायपुर।** एमिटी इंटरनेशनल स्कूल ने अगली पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जगाने, उन्हें संविधान का सही अर्थ और महत्व सिखाने के लिए गणतंत्र दिवस पर एक भव्य समारोह आयोजित किया। इसी दौरान एनटीपीसी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक यूएच गोखे ने कुवम गुप्ता द्वारा लिखित 'एल्पु ऑन ए स्पेस टूर' पुस्तक का विमोचन किया। समारोह में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, एकता, समानता, विकास और सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने मधुर आवाज और जीवंत नृत्य के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान, प्रिंसिपल अर्पिता मजूमदार सहित स्कूल स्टॉफ शामिल रहे।

### जयहिंद मंच ने मनाया गणतंत्र दिवस

*रायपुर। गणतंत्र दिवस के मौके पर जयहिंद मंच ने तेलीबांधा मरीन ड्राइव स्थित विशाल तिरंगे के समक्ष राष्ट्रगान किया और मरीन ड्राइव घूमने आए स्कूली बच्चों को सेव, बूंदी, फल और बिस्किट वितरित किए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष दीपक आसानी, अतुल वोहरा, अनिल मोटवानी, मनीष जैन, नीतू सिंह, किरण जैन, मनोज जैन, रवि दांडगे, गणेश प्रसाद गंगराड़े, रविंद्र खोंडे आदि सदस्य उपस्थित रहे।*



### छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति



**रायपुर।** रायपुरा महादेवघाट अम्लेश्वर मार्ग पर स्थित केंट इंटरनेशनल स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें देशभक्ति गीतों में नृत्य का विशेष स्थान रहा। साथ ही बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय अंक पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आदित्य कसार, हाजी मोहम्मद, अनीस रजा, हकीम आरआई, मो. नासिर खान उपस्थित रहे।

### रायपुर कान्वेंट स्कूल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**रायपुर।** रायपुर कान्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ियारी शिवानंद नगर, राजेंद्र नगर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने जोश एवं उत्साह के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान देशभक्ति गीतों एवं नृत्य भी पेश किए गए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी समाज के अध्यक्ष अनिल दुबे, अशोक साहू, न्यूजीत कसार, कमल कसार, अनूप मनचंदानी, लीलाधर चंद्राकर, राजेंद्र जैन, डॉ. मल्लिक, श्वेता वासनिक, रानी शर्मा, राजेंद्र सुधा मिश्रा उपस्थित थे।

### सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में मनाया गणतंत्र दिवस



**रायपुर।** श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल अटल नगर नवा रायपुर में 76वां गणतंत्र दिवस देशभक्तिपूर्ण माहौल में मनाया गया। बाल विकास और एमएससी नर्सिंग के छात्रों, स्टाफ सदस्यों और मरीजों के परिचारकों ने हाथों में झंडे लेकर और भारतमाता की जय', 'वंदे मातरम' के नारे लगाते हुए मार्चपास्ट में भाग लिया। सफल सर्जरी के बाद छुट्टी के लिए तैयार मरीजों की उपस्थिति में सत्य साईं संजीवनी स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास ने झंडा फहराया। बीएससी और एमएससी नर्सिंग के छात्र समूह नृत्य एवं समूहगान प्रस्तुत किया।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू एस.-II-46/009 को श्रीमती गीता सलूजा पति श्री अमरजीत सलूजा निवासीः- तेलीबाधा, गली नम्बर-2 ईगल बिल्डिंग के सामने, रायपुर (छ.ग.) के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आवंटी द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर दिया गया है। भूमि नामांतरण का प्रकरण उच्च न्यायालय में प्रक्रियाधिन होने के उपरांत लीजडीड निष्पादन की प्रत्याशा में आधिपत्य आदेश जारी किया गया है। श्रीमती गीता सलूजा पति श्री अमरजीत सलूजा की मृत्यु दिनांक 21.07.2024 को हो गया है। श्री सूरज सलूजा पिता श्री अमरजीत सलूजा ने अपने माँ श्रीमती गीता सलूजा पति श्री अमरजीत सलूजा की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्री सूरज सलूजा पिता श्री अमरजीत सलूजा के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर अटल नगर**

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रकाश कुमार पिता श्री तुकाराम साहू, निवासी- बगौद, धमतरी (छ.ग.) द्वारा विक्रेता ललाटेंदु केशरी प्रधान पिता श्री सुधांशु शेखर प्रधान, निवासी- ब्रम्हदेव कॉलोनी, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व आधिपत्य हक की खुली आवासीय भूमि जो कि ग्राम रायपुरा, प. ह.नं. 57, रा.नि.म. एक, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि, जिसका खसरा नं. 340/9 का भाग, रकबा 900 वर्गफुट भूमि है। जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दिनांक 24.01.2025 को विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संव्यवहार के संबंध में किसी प्रकार किया गया इकरारनामा / संव्यवहार अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा उपरोक्त हेतु किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, नगर-निगम, वित्तीय संस्था, दोस्त, रिश्तेदार को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस (07 दिन) के भीतर हमारे नीचे लिखे कार्यालय के पते पर मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियाद अवधि गुजरने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार के द्वारा इकरारशुदा संपत्ति का पंजीयन एवं नामांतरण करने हेतु स्वतंत्र रहेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा। सो सूचना जाने।

स्थान :- रायपुर (छ.ग.) दिनांक :- 28.01.2025

**हितेन्द्र कश्यप (अधिवक्ता)**
**पता- राम जानकी सामुदायिक भवन के पास जानकी चौक, कुशालपुर, रायपुर (छ.ग.)**
**93298 80813, 7697406896**

### -: शपथपत्र :-

मैं, दीप्ति साहू, उम्र 27 वर्ष, आत्मजा- श्री चन्द्रप्रकाश साहू, निवासी-संजय नगर, टिकरापारा, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्नलिखित किथन करती हूंः-

1. यह कि, मैने वर्ष 2018 में जी. एन. एम. प्रथम वर्ष एवं वर्ष 2019 में जी. एन. एम. द्वितीय वर्ष की परीक्षा नियमित छात्रा के रूप में श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्युट ऑफ धनेली रायपुर (छ.ग.) से उत्तीर्ण की हूं। जिसमें प्रथम वर्ष में मेरा रोल नं.- 35155 एवं द्वितीय वर्ष में मेरा रोल नं.- 27148 है।
2. यह कि, उक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात मुझे श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ धनेली रायपुर (छ.ग.) द्वारा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की मूल अंकसूची प्रदान की गयी थी जो कि मुझसे संजय नगर, रायपुर में ही कहीं गुम हो गयी है जो अथक प्रयास करने के बाद भी प्राप्त नही हुई है। मैने उक्त दोनों मूल अंकसूची का किसी भी प्रकार का दुरूपयोग नही किया है।
3. यह कि, अब मैं उपरोक्त वर्णित दोनों अंकसूची के गुम होने की प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना टिकरापारा, रायपुर छ.ग. में दर्ज कराना चाहती हूं और उसकी द्वितीय प्रति प्राप्त करना चाहती हूं जिस हेतु यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं। **शपथकर्ती**

**सत्यापन**

मैं, उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 01 से 03 तक में वर्णित समस्त बातें मेरे निजी जानकारी व ज्ञान से सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक का अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 28.01.2025 **शपथकर्ती**

**न्यायालय - द्वादश जिला न्यायाधीश, रायपुर छ.ग.**
1. सिविल वाद कमांक 13ए/2023 प्रोसेस क्रमांक 19
पेशी दिनांक 18/02/25

**सतीश कुमार वगैरह** वादी
विरुद्ध
उषा किरण वगैरह प्रतिवादी

**बनाम**

उषा किरण, पिता विमलचंद अग्रवाल, पति स्व. मदन मूर्ति अग्रवाल, निवासी 65 विवेकानंद नगर, जैन मंदिर के पास, पेंशन बाड़ा, जिला रायपुर छ.ग.।

दावा वास्ते स्वत्व घोषणा कीमती 1,000/- (एक हजार), बैनामा शून्य घोषित करने एवं वादीगण के उपर बंधनकारी नहीं होने की घोषणा कीमती 2,50,70000/- (दो करोड पचास लाख सत्तर हजार), पाने कब्जा कीमती लगान 500/- (पांच सौ) रूपये तथा स्थायी निषेधाज्ञा कीमती 1000/- (एक हजार) रूपये कुल 2,50,72,500/- (दो करोड़ पचास लाखख सत्तर हजार पांच सौ) प्रस्तुत किया है। जिसकी इस न्यायालय में पेशी तारीख 18.02.2025 नियत है।

अतः आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है. तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट-** यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 28/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

(मुहर) **दिग्विजय सिंह**
**द्वादश जिला न्यायाधीश**
**रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता ईश्वर सेवलानी, पिता - स्व. धरमदास सेवलानी, निवासी- सेंट जोसेफ स्कूल के पीछे, क्रिश्चियन कॉलोनी, अमलीडीह, रायपुर छ.ग. से उनके हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि वाके मौजा-अमलीडीह, प.ह.नं. - 69, रा.नि.मं. - रायपुर - 11 - टिकरापारा, तह. व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित खसरा नंबर - 151 / 223, रकबा - 0.0186 हेक्टेयर अर्थात 2000 वर्गफुट मे से 1100 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर अग्रिम बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही ही शेष है।

यह कि उक्त वर्णित संपत्ति के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, बोर्ड, निकाय, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष उपस्थित होकर दर्ज करावें तथा म्याद पश्चात उपरोक्त भूमि के पंजीयन की कार्यवाही मेरे पक्षकार द्वारा संपन्न करा ली जावेगी म्याद पश्चात की गई आपत्ति मान्य ना होकर विधिक रूप से शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 28/01/25

**भवदीय**
**श्री पिटु बारई (अधिवक्ता)**
**पता - गुरूमुख सिंह नगर, काली मंदिर पचपेढ़ी नाका, रायपुर छ.ग.**
**मो. नंबर - 9893148882**

### ईश्तहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 05/2024-25

वार्ड का नाम- डुमरतराई थोक बाजार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डुमरतराई थोक बाजार वार्ड स्थित भवन/ भूमि दुकान क्र. 145 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती अमृत लाल आहुजा S/O स्व. वाधुमल आहुजा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती ललितेश कुमार गुप्ता S/O स्व. रामस्नेही लाल गुप्ता ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानाम/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम पालिक अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। सूचना जाने।

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. 10**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 15134 दिनांक 22.12.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एच.आई.जी. फ्लैट, मीड - तल - 48/ 201 को श्री अशोक कुमार उदेनिया पिता छोटे लाल उदेनिया के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 14.02.2017 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री अशोक कुमार उदेनिया पिता छोटे लाल उदेनिया निवासीः- वार्ड नं. 07, ए-19, रामा उल्र्ड ए.एस. फन के सामने तिफरा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती शारदा कश्यप पति श्री प्रमोद कश्यप निवासीः- हाउस नं. 91, ठाकुर देव पारा, वार्ड नं. 07, सेमरिया जांजगीर-चांपा व्हाया बिर्रा तहसील व जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर - 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एच. आई.जी. फ्लैट, मीड - तल - 48 / 201 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर अटल नगर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**आरंग जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**// सूचना का प्रकाशन //**

रा.प्र. क्रमांक 202405112400057 अ/6 वर्ष 2023-24 पक्षकार सावित्री बाई वगै. वि. श्रीमती झालो बाई ग्राम पारागांव, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)

प्रति,

श्रीमती झालो बाई पति स्व. गणेशराम सतनामी निवासी- ग्राम पारागांव, तहसील आरंग, जिला- रायपुर

एतद द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरंग, जिला रायपुर छत्तसीगढ़ के न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक रा.प्र. क्रमांक रा.प्र. क्रमांक 202405112400057 अ/6 वर्ष 2023-24 में दिनांक 20/02/2025 को राजस्व प्रकरण में उपरोक्त उतरवादी की उपस्थिति हेतु नियत है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत तिथि को उपस्थित रहने हेतु प्रभावित पक्षकार को सूचना प्रकाशन के माध्यम से उपस्थित रहने की सूचना जारी किया जाता है। वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि मे उपस्थित होना सुनिश्चित करे नियत पेशी तिथि में अनुपस्थिति की दशा मे उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। सूचना का प्रकाशन आज दिनांक 27/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**आरंग, जिला-रायपुर छ.ग.**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै धीरज कुमार पिता स्व. हृदय राम पटेल निवासी रावांभाठा नीम चौक जुनाडीह रहमत किराना स्टोर के पास रायपुर छ.ग. ने अपना यह पुराना नाम (धीरज कुमार पिता स्व. हृदय राम पटेल) बदल दिया है। इसलिए भविष्य मे मुझे सभी सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम ललित कुमार पटेल पिता स्व. हृदय राम पटेल से पहचाना जावे।

दिनांक- 23.01.2025

**धीरज कुमार**
**निवासी रावांभाठा नीम चौक जुनाडीह रहमत किराना स्टोर के पास रायपुर छ.ग.**

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नवरंग पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव आज

**रायपुर।** 29 जनवरी को नवरंग पब्लिक स्कूल, चौरसिया कॉलोनी, मठपुरैना रायपुर में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह दोपहर 2 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील सोनी विधायक रायपुर दक्षिण एवं अध्यक्ष विकास उपाध्याय पूर्व विधायक रायपुर पश्चिम होंगे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा एवं खेलकूद व अन्य गतिविधियों के लिये छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### बृजमोहन ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए स्पेशल ट्रेन की रेल मंत्री से की मांग

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को प्रयागराज महाकुंभ स्नान हेतु विशेष ट्रेन सुविधा प्रदान करने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रायपुर मंडल के डीआरएम को पत्र लिखा है। श्री अग्रवाल के लिखा है, उनके लोकसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण महाकुंभ स्नान हेतु प्रयागराज जाना चाहते हैं लेकिन वर्तमान में उपलब्ध ट्रेनों की संख्या सीमित होने के कारण यात्रियों को लंबी प्रतीक्षा सूची और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। श्री अग्रवाल ने मांग की है कि रायपुर अथवा दुर्ग से प्रयागराज तक महाकुंभ अवधि के लिए विशेष ट्रेन आरंभ की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को इस पवित्र स्नान का अवसर सहजता से प्राप्त हो सके।

### चैंबर चुनाव निर्वाचन समिति की बैठक 3 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्ष 2025 के चुनाव प्रक्रिया संबंधी निर्वाचन समिति की बैठक 3 फरवरी को राजधानी के चैंबर भवन स्थित सभागार में शाम 5 बजे से आयोजित है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने यह बैठक बुलाई है। चैंबर चुनाव निर्वाचन समिति की बैठक में निर्वाचन अधिकारियों के साथ चैंबर चुनाव संबंधी प्रारंभिक निर्वाचन कार्यवाही और मतदान तिथि तथा मतदान केंद्र निर्धारण के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए चैंबर के निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा ने बताया कि 3 फरवरी को होने वाली बैठक में चैंबर चुनाव कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में चर्चा तथा मतदान की तारीख के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

### प्रकाशचंद बने रविवि कार्यपरिषद के सदस्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ के प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ सिविल इंजीनियर प्रकाशचंद चोपड़ा को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की कार्यपरिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के आदेशानुसार की गई है। उनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय को निश्चित रूप से उनके अनुभव, कुशल प्रबंधन और सामाजिक सरोकारों का लाभ मिलेगा। शिक्षा, समाजसेवा और प्रशासनिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी विश्वविद्यालय की प्रगति में अहम भूमिका निभाएगी।



## निधन

### निशांत सप्रे



**रायपुर।** सुंदरनगर निवासी निशांत सप्रे का 26 जनवरी को निधन हो गया। वे निष्ठा सप्रे के पति एवं निनाद सप्रे के पिता थे।

### बिमला देवी गुप्ता



**रायपुर।** प्रियदर्शनी नगर सोसायटी कार्यालय के पास निवासी बिमला देवी गुप्ता का 25 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 जनवरी को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे रवि गुप्ता एवं प्रशांत गुप्ता की माताजी थीं।

# तीन साल से गायब 27 डाक्टरों की स्वास्थ्य विभाग से छुट्टी, 21 के खिलाफ जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थ किए गए 27 डाक्टर गायब हो गए। तीन साल और इससे अधिक अवधि तक अनुपस्थित रहने के दौरान उन्हें विभागीय नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बाद बड़ा एक्शन लेते हुए इन डाक्टरों की सेवा समाप्त कर दी गई है। माना जा रहा है कि ज्यादातर चिकित्सकों ने निजी अस्पताल में नौकरी कर ली। इसके साथ ड्यूटी में लापरवाही बरतने के मामले में 21 चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश हुए हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा डाक्टरों में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी और चिकित्सा विशेषज्ञ के रूप में पदस्थ किया गया था। स्वास्थ्य केंद्रों में इनकी नियुक्ति का उद्देश्य दूर-दराज के क्षेत्रों तक उपचार व्यवस्था को बेहतर और सुगम तरीके से पहुंचाना होता है। नियम के मुताबिक चिकित्सक बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार तीन साल अथवा उससे अधिक अवधि के लिए ड्यूटी से अनुपस्थित नहीं रह सकते। जिन डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की गई वे लंबी छुट्टी पर थे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस नियम का उल्लंघन करने वाले इन डाक्टरों को पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया गया था। कुछ डाक्टर ने इसे नजर अंदाज कर दिया, वहीं कुछ सुनवाई में उपस्थित हुए। उनका पक्ष सुनने और प्रस्तुत अभ्यावेदन पर गंभीरता से विचार करते हुए चिकित्सा अधिकारियों व विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा समाप्त कर दी गई है।

**स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया था पदस्थ, नोटिस का भी नहीं दिया जवाब**



**इन डाक्टरों की सेवा समाप्त**

चिकित्सा अधिकारी डी. प्रशांत कुमार, देवेन्द्र प्रताप, अशोक गुप्ता, शिशिर चंद्राकर, गीता पैकरा, वंदना पटेल, सौरभ अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, विवेक साहू, विश्वजीत करकड़े, अपराजिता माहेश्वरी, बौक्का पवन कुमार, नेहा सरजल, ईशा अरविंद, जिशान दानी, अवधेश प्रताप सिंह, श्रुति तिवारी, मानवेन्द्र जंघेल, देवेश प्रधान, तरुण नायक, नागेन्द्र सोनवानी, योगेश धाबर्डे, दीक्षा मरकाम, तान्या मिश्रा, संदीप तिवारी, प्रणवकांत अघारे एवं कृतिका साहू शामिल हैं।

## अवैध संबंध का भेद खुलने के डर से आरोपी ने दिया घटना को अंजाम

# हत्या कर कमल विहार में सुनसान जगह फेंका था युवती का शव, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कमल विहार इलाके के सुनसान जगह पर कुछ दिनों पूर्व एक युवती का शव मिला था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला था कि किसी ने उसकी हत्या कर शव को वहां लाकर फेंका है। घटना की जांच करते हुए पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि मृतका उसे और उसकी पत्नी को पहले से जानती थी। इसकी जानकारी होते ही उसे भय सताने लगा कि मृतका कहीं अवैध संबंध की जानकारी उसकी पत्नी को न दे दे। इस भय से आरोपी ने उसकी हत्या कर दी।

**सीसीटीवी कैमरे में कार में बैठने के मिले फूटेज :** पुलिस अधिकारियों ने इस अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए बताया कि 14 जनवरी 2025 को पुलिस को कमल विहार सेक्टर-1 में सुनसान जगह पर अज्ञात युवती का शव मिला है, जिसकी पहचान कोटा निवासी के रूप में की गई थी। इस घटना की प्रारंभिक पुलिस जांच में पता चला था कि मृतका घर से बिना बताए कभी भी कहीं भी चली जाती थी। वह अपने पास मोबाइल भी नहीं रखती थी, इसलिए युवती घर से कितने बजे से निकली है, इसकी जानकारी उसके परिजनों को भी नहीं थी। पुलिस ने इसके बाद उसके घर के आसपास क्षेत्र से लेकर कमल विहार तक, रेलवे स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

इन कैमरों में मिले फूटेज के आधार पर पुलिस को अहम सुराग मिले। इससे पता चला कि युवती घटना के दिन शाम 7.15 बजे ई-रिक्शा में बैठकर लालपुर तक गई। यहां पुनः ई-रिक्शा में बैठकर वह रात करीब 9 बजे रेलवे स्टेशन पहुंची। स्टेशन पहुंचने के बाद युवती उसी रात करीब 1.55 बजे सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में बैठती नजर आई। इस कार के जब फूटेज खंगाले गए तो कार को फाफाडीह फ्लाई ओव्हरब्रिज के पास स्पॉट करना पाया गया। पुलिस ने इसके बाद इस कार का डिटेल निकालकर आरोपी बृजेश ओझा निवासी बिलासपुर को कुम्हारी टोल प्लाजा के पास पकड़ा। पुलिस ने जब उससे कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना गुनाह कबूल लिया।

**कार-मोबाइल जब्त**

पुलिस ने घटना में उपयोग में लाई गई कार के साथ आरोपी का मोबाइल जब्त किया है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 103 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



**इस तरह दिया घटना को अंजाम**

बृजेश ओझा ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह रेलवे स्टेशन में अपनी पत्नी के साथ चाय दुकान चलाता है। इसके अलावा वह पार्ट टाइम किराये में लेकर चारपहिया वाहन बुकिंग का कार्य करता है। घटना के दिन किराए की कार से अपने दोस्त से मिलने टिकरापारा गया था। इसके बाद वे दोनों कमल विहार स्थित शराब भट्ठी गये और शराब पी। शराब पीने के बाद वह अपने दोस्त को वापस उसके घर छोड़कर रेलवे स्टेशन पहुंचा। यहां उसे मृतका मिल गई। इसके बाद वह उसे वाहन में बैठाकर टिकरापारा ले गया और वहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। मृतका ने इस दौरान उसे बताया कि वह उसे और उसकी पत्नी को जानती है। इसे जानकर बृजेश को डर सताने लगा कि युवती कहीं अवैध संबंध की जानकारी उसकी पत्नी को न दे दे। इसी डर से उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर शव को सुनसान जगह पर फेंककर फरार हो गया।

## भाजपा नेताओं ने की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की शिकायत, एफआईआर की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा महू में दिए गए बयान को घोर सनातन विरोधी और घृणित सोच का परिचायक बताते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग सिविल लाइन थाने पहुचंकर की है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, विधि प्रकोष्ठ के संयोजक जेपी चंद्रवंशी और सह संयोजक बृजेश पांडे ने मंगलवार शाम को सिविल लाइन थाने में आवेदन सौंपा है।

भाजपा ने पुलिस को सौंपे आवेदन में कहा, कांग्रेस ने एक बार फिर अपने सनातन विरोधी राजनीतिक चरित्र का परिचय दिया है। कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे ने सनातन धर्मप्रेमियों की आस्था पर आघात करते हुए इस आयोजन को लेकर जो बयान दिया है, सनातनप्रेमियों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी भी उसे घोर आपत्तिजनक मानती है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्यप्रदेश के महू में महाकुंभ के आयोजन को लेकर कहा है, गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म होगी क्या? आपको खाना मिलता है क्या? जब बच्चा भूखा मर रहा है, बच्चा स्कूल नहीं जा रहा, मजदूर को मजदूरी नहीं मिल रही, तब हजारों रुपए खर्च करके कंपीटिशन में डुबकियां मार रहे हैं। ऐसे लोगों से देश की भलाई नहीं होने वाली है। भाजपा नेताओं ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के इस बयान से सनातन धर्म में आस्था रखने वालों की भावनाएं आहत हुई हैं। भाजपा नेताओं ने आवेदन में कहा, महाकुंभ के आयोजन को लेकर महू में दिए गए आपत्तिजनक व घोर सनातन विरोधी बयान के परिप्रेक्ष्य में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि सामाजिक सौहार्द्र बना रहे।

## लभांडी की पानी टंकी राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने डेढ़ साल से अटका काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल आउटर वार्ड के रहवासियों को पीने का साफ पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

अमृत मिशन के तहत लभांडी में नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने नगर निगम के पास फंड नहीं है। इसके चलते पिछले डेढ़ साल से नई पानी टंकी का लाभ रहवासियों को नहीं मिल पाया।

- रहवासी परेशान, निकाय चुनाव में बन सकता है मुद्दा
- स्मार्ट सिटी से भी नहीं मिला फंड

दरअसल, नगर निगम ने जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर गांव में रहवासियों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने लभांडी और फुंडहर में 2 नई टंकी बनाई है। पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए पैसे नही है। डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पहले पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद इसकी मंजूरी नहीं मिली। दोनों गांव के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं। पेयजल संकट की समस्या इस बार के निकाय चुनाव में एक बड़ा मुद्दा के रूप में उभर सकता है। लोगों का कहना है कि नगर निगम द्वारा बनवाई गई लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है।




**मंजूरी नहीं मिलने से काम अटका**

अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी से जल आपूर्ति शुरु कराने विभागीय अधिकारियों ने रायपुर स्मार्ट सिटी से आवश्यक राशि की मांग की । पर फंड की इसकी मंजूरी नहीं मिलने से काम अटका हुआ है। वहीं फुंडहर में नवनिर्मित पानी टंकी को शुरु करने वित्त आयोग मद से राशि की मांग करने की बात प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पूर्व में की थी।

# शुरू करने के आश्वासन में बीत गया साल, पेट सीटी मशीन पर अंतिम फैसला अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीदी के दौरान हुई एक चूक की वजह से शुरू हुआ पेट सीटी मशीन का विवाद अब तक खत्म नहीं हो पाया है। जनहित में इसे शुरू करने के आश्वासन में सालभर से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, मगर इस पर अंतिम फैसला नहीं लिया जा सका है। आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में लगी इस मशीन की वास्तविक हालत जानने इंजीनियरों की टीम ने जांच कर रिपोर्ट तैयार करने का काम भी अब तक अधूरा रखा है।

खरीदी के बाद ही विवादों के घेरे में आई पॉजीट्रान एमिएशन टोमोग्राफी मशीन से जांच की जरूरत वाले मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। इस मशीन को जनहित में शुरू करवाने का आश्वासन सालभर पहले दिया गया था। मशीन का उपयोग शुरू करने आने वाले अवरोधों को दूर करने के लिए कई बार डेड लाइन तय की जा चुकी है, मगर अब तक यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि छह साल से शो-पीस की तरह रखी इस मशीन का उपयोग हो सकता है अथवा नहीं? सूत्रों के अनुसार अंतिम दौर में मशीन की जांच के लिए इंजीनियरों के एक दल को बुलाया गया था। टीम ने मशीन की स्थिति की जांच की, मगर उसकी विस्तृत रिपोर्ट अब तक विभागीय अफसरों को नहीं मिल पाई है। पेट सीटी मशीन के उपयोग के बारे में मेडिकल कालेज प्रबंधन और क्षेत्रीय कैंसर संस्थान से जुड़े चिकित्सक का कहना है कि फैसला शासन स्तर पर लिया जाना है, इसलिए वे कुछ बोल नहीं सकते। इससे जुड़ा एक प्रकरण उच्च न्यायालय में भी विचाराधीन है।

**खास बातें**

- कई बार डेड लाइन तय, मशीन की हालत की जांच रिपोर्ट अधूरी
- छह साल पहले हुई थी मशीन की खरीदी, विवाद अब तक खत्म नहीं




**18 करोड़ की है मशीन**

पेट सीटी मशीन की खरीदी वर्ष 2018 में लगभग 18 करोड़ रुपए में की गई थी। विभाग में मशीन पहुंचने के बाद यह विवादों में पड़ गई। कैंसर की सटीक पहचान करने वाली इस मशीन के माध्यम से आंबेडकर अस्पताल में कैंसर के इलाज के लिए आने वाले मरीजों को आयुष्मान कार्ड के जरिए निशुल्क जांच की सुविधा मिलती। अभी निजी अस्पतालों में इस जांच के लिए आठ से दस हजार रुपए तक खर्च करना पड़ता है।

**कैंसर संक्रमण की पहचान**

पेट सीटी मशीन कैंसर से प्रभावित अंगों की सटीकता से पहचान करती है। इसकी जांच के आधार पर चिकित्सक सही समय पर अपना उपचार शुरू कर सकते हैं। इस मशीन की सुविधा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भी है, मगर वहां के मरीजों के बाद दूसरे अस्पतालों से आने वाले मरीजों को सुविधा दी जाती है। इस चक्कर में इस टेस्ट के लिए मरीजों को दो से तीन महीने तक इंतजार करना पड़ता है।

## पेज 9 के शेष

### ड्रग केस में पकड़े...

मिला। उसकी मौत हो चुकी थी। जेल प्रशासन से पता चला कि मृतक कैदी का नाम पेट्रिक यूबी के बाओको 38 वर्ष निवासी सांताकुंज मुंबई महाराष्ट्र में रहता था तथा मूलतः वह अफ्रीकन या नाइजीरियन देश का रहने वाला था। कैदी विचाराधीन था। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, इसलिए फांसी लगाने का कारण अभी पता नहीं चला है। इसकी जांच की जा रही है।

### इंटरव्यू में मिले...

हासिल होंगे, उन्हें पीएचडी करने की पात्रता नहीं होगी। इससे फर्क नहीं पड़ता कि रविवि के शिक्षकों को पीएचडी के लिए आयोजित की गई लिखित प्रवेश परीक्षा में कितने अंक मिले हैं। यदि वे लिखित परीक्षा में शीर्ष पर हैं और इंटरव्यू में 50 प्रतिशत अंक हासिल नहीं कर सके हैं, तो उन्हें अपात्र कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस नए नियम के संदर्भ में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। अर्थात प्रबंधन ने यह नहीं बताया है कि नियमों में यह अजीबो-गरीब बदलाव क्यों किए गए हैं। गौरतलब है कि यूजीसी पीएचडी में प्रवेश के लिए केवल न्यूनतम योग्यता ही तय करती है। अधिकतम योग्यता तय करने का अधिकार विश्वविद्यालयों के पास होता है।

### रात की तुलना में...

में शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है। इन शहरों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से कम है। बिलासपुर के बाद रायपुर और बस्तर संभाग में गर्मी का प्रभाव शुरू हो चुका है। इन इलाकों में दिन चढ़ने के बाद गर्मी अपना असर दिखा रही है। दुर्ग संभाग कुछ इलाकों हिस्सों में ठंड का असर है वहीं दिन में हल्की गर्मी महसूस हो रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मकर संक्रांति के बाद से दिन की लंबाई बढ़ने लगी है। पूर्व में साढ़े पांच बजे के बाद सूर्यास्त होने से रोशनी कम हो जाती थी वहीं सुबह भी देर से होती थी। अब सूर्योदय सुबह 6.42 मिनट पर हो रहा है और सूर्यास्त 5.53 पर हो रहा है आगे इसमें और वृद्धि होगी। अब पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा में बदलाव होने के आसार है इससे रात के तापमान में वृद्धि होगी। थोड़े बादल भी छाएंगे मगर इससे दिन में बढ़ती गर्मी में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। इस बार ठंड का प्रभाव जल्दी खत्म होने की वजह से गर्मी की अवधि अधिक दिनों तक रहने की संभावना है।

## सोसायटी में फिर से टोकन मिलना शुरू

**रायपुर।** धान खरीदी के लिए निर्धारित तिथि के पहले ही किसानों को टोकन देना बंद किए जाने से धान बेचने के लिए शेष रह गए किसानों में आक्रोश को देखते हुए सोसाइटी माड्यूल से पुनः टोकन जारी करना तो शुरू कर दिया गया है, पर शासन-प्रशासन व किसान की गलती के चलते पात्रता के बावजूद भी निर्धारित टोकन में धान न बेच पाने वाले गिनती के किसानों को अभी तक राहत नहीं दी गई है। ऐसे किसानों को एक अतिरिक्त टोकन जारी करने की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मुख्य सचिव अमिताभ जैन व मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को ई-मेल से ज्ञापन भेजा है।

- किसान संघर्ष समिति के संयोजक ने सीएम को ई-मेल से भेजा ज्ञापन

श्री शर्मा ने बताया कि ज्ञापन में ध्यानाकर्षण के बाद धान खरीदी के लिए निर्धारित तिथि 31 जनवरी के पहले ही सोसायटी माड्यूल व ऑनलाइन टोकन जारी करना बंद किए जाने की ओर ध्यानाकर्षण कराए जाने के बाद 26 जनवरी से पुनः टोकन जारी कराना शुरू किए जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया गया है कि पूरे प्रदेश में बमुश्किल गिनती के ऐसे किसान शेष रह गए हैं, जो शासन-प्रशासन अथवा स्वयं की गलती की वजह से पात्रता के बाद भी अपना बचत धान नहीं बेच पाए हैं। ज्ञातव्य हो कि शासन ने 5 एकड़ तक के किसानों के लिए 2 टोकन व इससे ऊपर रकबे के किसानों के लिए 3 टोकन निर्धारित किए हैं। उन्हें ही शेष धान बेचने एक-एक अतिरिक्त टोकन जारी करने की मांग की।

# छत्तीसगढ़ के प्रथम डीजीपी श्रीमोहन शुक्ला का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

छत्तीसगढ़ के प्रथम पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्रीमोहन शुक्ला का मंगलवार को प्रातः आकस्मिक निधन हो गया। रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी श्री शुक्ला (आयु 85 वर्ष) ने भोपाल के वैशाली नगर स्थित अपने निवास पर अंतिम सांस ली। श्री शुक्ला का अंतिम संस्कार आज दोपहर 12 बजे भोपाल में हुआ। इस दौरान परिवारजनों, मित्रों और पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।



- पुलिस मुख्यालय नया रायपुर में दी गई श्रद्धांजलि

वे 1 नवंबर 2000 से 26 मई 2001 तक वे छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक के पद पर अपनी सेवाएं दी है। (डीजीपी) रहे। इसके बाद उन्होंने 26 मई 2001 से 2 अक्टूबर 2004 तक छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रथम अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उनके निधन पर छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और वरिष्ठ आ ई पी ए स अधिकारियों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## खबर संक्षेप



### अध्यक्ष पद के कांग्रेस प्रत्याशी उत्रसेन ने भरा नामांकन

**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर मे कांग्रेस प्रत्याशी उत्रसेन गहिरवारे एवं सभी पार्षद प्रत्याशियो ने जुलुस के साथ निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर नामाकंन दाखिल किया। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रवीण साहू एवं संगठन के अनेक पदाधिकारी भी रैली में शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी की सूची लेट से जारी होने के कारण अधिकांश पार्षद प्रत्याशियों ने 28 जनवरी आखिरी दिन ही नामाकांन दाखिल किया। नामाकांन के दौरान विद्याभूषण सोनवानी, बलविंदर गांधी, रानू राठी, पन्ना लाल नवरंगे, जयवर्धन बघेल, डोमेन्द्र साहू, नीलकल गिलहरे, उपजीत सचदेवा, मनदीप गांधी, भूपेन्द्र बजाज, राकेश बघेल आदि बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### शांत मन से चलाएं वाहन : ब्रम्हकुमारी



**तिल्दा नेवरा।** मंगलवार को अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र बैकुंठ में सड़क सुरक्षा सप्ताह का चतुर्थ दिवस रहा। जिसमें प्रजापति ब्रम्हकुमारी ध्यान केन्द्र तिल्दा के दीदी के द्वारा उपस्थित समस्त वाहन चालकों सहित सभी कर्मचारियों को अपने मन को शांत रखकर वाहन किस प्रकार चलाएं और किसी भी कार्य को करने से पहले किस प्रकार अपने मन और विचारों को नियंत्रण में लाएं इस विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस आयोजन पर उपस्थित समस्त वाहन चालकों ने बहुत प्रसन्नता अभिव्यक्त की और आयोजन की सराहना भी की। लॉजिस्टिक प्रमुख श्री सोमदत्त कठवार के मार्गदर्शन में विगत वर्षों से अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ में इस प्रकार के आयोजन किया जाता रहा है जिससे कि प्रत्येक वाहन चालक शांत चित्त से वाहन का संचालन कर सकें और सड़क पर पूर्ण रूप से ध्यान पूर्वक चलते हुए बिना किसी दुर्घटना के सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

### योग एवं प्राणायाम का कराया जा रहा अभ्यास



**तरपोंगी।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर तरपोंगी द्वारा ग्राम मोहदा मिडिल स्कूल में 27 से 31 जनवरी तक 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसमें योग शिक्षक पूर्णिमा साहू द्वारा बात रोग, कमर दर्द, लकवा, हाई बीपी, शुगर, थायराइड, मोटापा के लिए रोगानुसार और स्वस्थ व्यक्ति के लिए योग व प्राणायाम का अभ्यास कराया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रणीता चंद्रिका ने दी।

### अटल विहार कालोनी आरंग में किया गया ध्वजारोहण



**आरंग।** अटल विहार कालोनी आरंग में 26 जनवरी को धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। कालोनी के अध्यक्ष संजय चंद्राकर ने अपने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश भारत में नया संविधान लागू हुआ तब से प्रतिवर्ष पूरे भारतवर्ष में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व मनाते हैं और मनाते रहेंगे। उन्होने अपने वाणी को विराम देने से पहले कालोनीवासियों को एकता एवं शांति बनाए रखने की संदेश दिया। इस अवसर पर कालोनी के वरिष्ठजन, नारी शक्ति, दुर्गा समिति एवं बहुतों की संख्या में कालोनीवासी उपस्थित रहे।

---

चुनाव : कांटे की टक्कर के बीच नगर के मतदाता प्रत्याशियों की किस्मत के पिटारे खोलेंगे

# नामांकन भरने रही गहमागहमी निकली कांग्रेस-भाजपा की रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए 28 जनवरी को नामांकन दाखिल करने का आखिरी तारीख था। जहां एक तरफ भारी भीड़ तहसील कार्यालय में आज देखने को मिला। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस, भाजपा ने अपनी ताकत झोंक दी। सबसे ज्यादा भीड़ कांग्रेस की रैली में देखने को मिला, कांग्रेस की रैली में अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा सहित सभी 22 वार्डों के पार्षद प्रत्याशी सहित पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, उपस्थित हुए। वहीं बाद में जिला अध्यक्ष उद्यो राम वर्मा, पर्यवेक्षक दिनेश यदु भी कांग्रेस भवन नेवरा पहुंचे। वहीं भाजपा की रैली में मंत्री टंक राम वर्मा, भाजपा प्रत्याशी चंद्रकला वर्मा सहित पूरे पार्षद प्रत्याशी एवं जिला कोषाध्यक्ष राम पंजवानी, पूर्व पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, रमेश रिंकू अग्रवाल आदि उपस्थित थे। वहीं नामांकन के बाद कांग्रेस भवन नेवरा में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, जिला अध्यक्ष उद्यो राम वर्मा, पर्यवेक्षक दिनेश यदु, अध्यक्ष पद के प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण वर्मा सहित सभी कांग्रेस प्रत्याशी उपस्थित हुए। कांग्रेस भवन में आमजन भी भारी संख्या में उपस्थित हुए। जहां कांग्रेस पार्टी को जिताने अपील की गई।

### अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी शिवनारायण ने भरा नामांकन



**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर में अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी शिवनारायण बघेल एवं सभी वार्डो के पार्षद प्रत्याशियों ने जुलुस के साथ नामाकंन दाखिल किया। नपाअध्यक्ष प्रत्याशी शिवनारायण बघेल गृह वार्ड उरला से गाजे बाजे एवं बड़ी संख्या मे रैली के साथ निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। विधायक इन्द्रकुमार साहू भी रैली में शामिल होकर उत्साहवर्धन किया तथा नामाकंन के बाद अध्यक्ष प्रत्याशी शिवनारायण बघेल ने पत्रकारो से चर्चा करते कहा कि पार्टी सभी वार्डो मे अनुभवी व योग्य व्यक्तियों को टिकट प्रदान किया है। सभी पार्षद प्रत्याशी एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे है एवं पिछली बार की तरह अशिकांश पार्षद चुनाव जीत कर आयेगे नामाकंन के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीण बजाज, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, खेमराज कोसले, किशन शर्मा, दिलीप अग्रवाल, चेतना गुप्ता, अनिल अग्रवाल, लौटन गिलहरे, सूरज साहू, रोमी चांवला, वरूण राठी, गोयल भट्ट, राजा राय, खुशवंत सिन्हा, ईश्वर पटेल, रामचरण चक्रधारी, अंकेश बजाज, संजीव प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत कुंरा में अध्यक्ष पद के लिए गोविन्द व सुरेश ने भरा नामांकन

**धरसींवा/ कुंरा।** नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा, कांग्रेस में टिकट वितरण के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि कुर्सी का दावेदार कौन है। बहरहाल नगर पंचायत कुंरा में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की ओर से अधिकृत प्रत्याशी गोविन्द साहू और कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार सुरेश साहू के बीच सीधा मुकाबला होने जा रहा है। कांटे की टक्कर के बीच नगर के मतदाता दोनों प्रत्याशियों की किस्मत के पिटारे खोलेंगे। टिकट मिलते ही दोनों दावेदारों ने नामांकन दाखिल कर लिया है। दोनों पार्टियों ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया नगर पंचायत कार्यालय में दोनों प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नगर पंचायत के कार्यालय में दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों एवं सभी 15 वार्डों के भाजपा, कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी उपस्थित रहे। नामांकन दाखिल होते ही भाजपा, कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरे शहर में पटाखे फोड़े। मिठाइयां बांटी। दोनों नेताओं ने शहर के अलग-अलग क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ रही। नामांकन और नाम वापसी के बाद दोनों पार्टी 28 जनवरी के बाद चुनाव प्रचार के लिए जुट जायेगी। प्रचार के लिए महज 10 दिन का समय मिलेगा। इसी बीच सभी प्रत्याशी डोर टू डोर जनसंपर्क करेंगे। चुनाव जीतने इस बार जी-तोड़ मेहनत करनी होगी। नगर पंचायत कुंरा की जनता को दोनों पार्टी के घोषणा पत्र का इंतजार है। वहीं नगर पंचायत कुंरा में नगरी निकाय चुनाव के नामांकन रैली अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के साथ राम मंदिर में पूजा अर्चना कर सैकड़ों पदाधिकारी महिला कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ भव्य रूप से निकली गई जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व सांसद छाया वर्मा जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा पूर्व विधायक अनीता शर्मा पर्यवेक्षक संजय ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा एवं



नगर पंचायत कुंरा के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता इस भव्य नामांकन रैली में शामिल हुए।

#### नगर का विकास पहली प्राथमिकता : गोविन्द

भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी गोविन्द साहू ने कहा कि उनका मुख्य विजन नगर का विकास है जो पिछले कुछ सालों से पिछड़ गया है। अब कुंरा में ट्रिपल इंजन की सरकार बैठेगी और हम विकास का इतिहास लिखेंगे। पिछली सरकार में शहर का विकास रुक गया था। करोड़ों की घोषणा वापस चली गई। मूलभूत सुविधा, शिक्षा, चिकित्सा, ड्रेनेज सिस्टम, नालियां, पानी, सफाई आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

#### नगर की जनता का मिलेगा आशीर्वाद : सुरेश

कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी सुरेश साहू ने कहा कि नगर का विकास मेरा प्रमुख लक्ष्य है। मूलभूत बुनियादी सुविधाओं में इजाफा कर शहरी नागरिकों को सुविधाएं देना मुख्य लक्ष्य रहेगा। नगर के सभी कार्य पूरा करेंगे। वे विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। नगर की जनता उन्हें आशीर्वाद देगी। व्यापार, व्यवसाय की बढ़ोतरी के लिए कार्य किया जयेगा।

## नपा अभनपुर में अध्यक्ष के लिए चार लोगों ने जमा किया नामांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका अभनपुर में अध्यक्ष पद के लिए चार व्यक्तियो ने नामाकंन भरा है। वहीं 15 वार्डों के लिए 53 व्यक्तियों ने नामाकंन दाखिल किया है। भाजपा से शिवनारायण बघेल, कांग्रेस उत्रसेन गहिरवारे एवं राधाकृष्ण टंडन व कमलेश टंडन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामाकंन दाखिल किया है। नगर के अध्यक्ष पद सहित अधिकांश वार्डों में भाजपा, कांग्रेस के अलावा बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामाकंन दाखिल किया है, इस बार पार्टियों के द्वारा टिकट की घोषणा मे देरी होने के कारण अधिकांश प्रत्याशी अंतिम दिन नामाकंन दाखिल करने पहुंचे थे, सभी प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ निर्वाचन कार्यालय पहुंचने से दिनभर भारी गहमागहमी का माहौल रहा। आज से निर्दलीय प्रत्याशियो के मान मनौवल का दौर शुरू हो गया है नामाकंन वापसी तक नामाकंन वापसी तक कौन कौन से प्रत्याशी मैदान मे जुटे रहेगे यह 31 जनवरी को ही पता लग पायेगा लेकिन इस बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे राधाकृष्ण टंडन के चुनाव मैदान मे उतरने से त्रिकोणीय मुकाबले की चर्चा होना शुरू हो गया है।

### नामांकन दाखिले के अंतिम दिन उमड़ा हुजूम

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए रायपुर नगर निगम में 70 वार्ड पार्षद और महापौर प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को होगी। उसके बाद विधिमान्य नामांकन पत्रों की वापसी 31 जनवरी तक हो सकेगी। भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों और महापौर ने अंतिम दिन अपने नामांकन दाखिल किए।

## भगवान शिव व तुलसी के बीच प्रेम एवं भक्ति की कहानी सुन गदगद हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम कुकरा में आयोजित शिव महापुराण कथा में मंगलवार को कथा वाचक पंड़ित सुरीकेंट तिवारी गोढ़ी वाले ने भगवान शिव और तुलसी के बीच के प्रेम और भक्ति की कहानी बताते हुए कहा कि तुलसी एक सुंदर और पवित्र कन्या थी जो भगवान शिव की भक्त थी। वह भगवान शिव की पूजा करने और उनकी सेवा करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया था। एक दिन, भगवान शिव ने तुलसी की भक्ति और प्रेम को देखकर उसे अपने पास बुलाया। भगवान शिव ने तुलसी से कहा कि वह उनकी भक्ति और प्रेम से बहुत प्रसन्न हैं और वह उन्हें एक वरदान देना चाहते हैं। कथा का विस्तार करते हुए कथावाचक ने आगे बताया कि तूलसी ने भगवान शिव से कहा कि वह उनकी सेवा करना चाहती है और उनके चरणों में रहना चाहती है। भगवान शिव ने तुलसी की बात सुनी और उन्हें एक वरदान दिया कि वह उनकी पत्नी पार्वती के साथ उनके महल में रहेंगी। तुलसी ने भगवान शिव का वरदान स्वीकार किया और उनके महल में रहने लगी। वह भगवान शिव और पार्वती की सेवा करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया था।

एक दिन, भगवान शिव ने तुलसी से कहा कि वह उनके लिए एक विशेष कार्य करना चाहते हैं। भगवान शिव ने तुलसी से कहा कि वह उनके लिए एक अभिषेक करना चाहते हैं और वह उन्हें इसके लिए तैयार करना चाहते हैं। तुलसी ने भगवान शिव की बात सुनी और उनके लिए अभिषेक की तैयारी करने लगी। वह भगवान शिव के लिए एक विशेष जल तैयार किया और उनके अभिषेक के लिए तैयार हो गई। भगवान शिव ने तुलसी के द्वारा तैयार किए गए जल से अपना अभिषेक किया और तुलसी को अपनी पत्नी पार्वती के साथ अपने महल में रहने के लिए कहा। पंड़ित तिवारी ने कहा कि तुलसी कथा शिव अभिषेक हमें यह सिखाती है कि भगवान अपने भक्तों की प्रार्थना सुनते हैं और उनकी इच्छाओं को पूरा करते हैं। यह कथा हमें यह भी सिखाती है कि सच्ची भक्ति और प्रेम की शक्ति किसी भी बाधा को पार कर सकती है।

## निर्धारित टोकनों में धान न बेच पाने वाले किसानों को अतिरिक्त टोकन देने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

धान खरीदी के लिए निर्धारित तिथि के पहले ही किसानों को टोकन जारी करना बंद किए जाने से धान बेचने के लिए शेष रह गये किसानों के आक्रोश को देखते हुए सोसायटी माड्यूल से पुनः टोकन जारी करना तो शुरू कर दिया गया है पर शासन-प्रशासन व किसान की गलती के चलते पात्रता के बावजूद भी निर्धारित टोकनों में धान न बेच पाने वाले गिनती के किसानों को अभी तक राहत नहीं दिया गया है। ऐसे किसानों को एक अतिरिक्त टोकन जारी करने की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मुख्य सचिव अमिताभ जैन व मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को मेल से ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में ध्यानाकर्षण के बाद धान खरीदी के लिए निर्धारित तिथि 31 जनवरी के पहले ही सोसायटी माड्यूल व आनलाइन टोकन जारी करना बंद किये जाने की ओर ध्यानाकर्षण कराये जाने के बाद बीते 26 जनवरी से पुनः टोकन जारी कराना शुरू किए जाने के लिए बतलाया गया है कि पूरे प्रदेश में बमुश्किल गिनती के ऐसे किसान शेष रह गये हैं जो शासन-प्रशासन अथवा स्वयं की गलती की वजह से पात्रता के बाद भी अपना बचत धान नहीं बेच पाये हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि कुछ किसान अपने अंतिम टोकन का आनलाइन उपयोग करते समय शेष बचे धान की मात्र अंकित करते समय गलती कर बैठे जिसकी वजह से उनका धान बिकना शेष रह गया है। इसी तरह शासन द्वारा उपार्जन केन्द्रों के लिये प्रतिदिन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित कर दिये जाने के कारण बड़े किसान निर्धारित तीन टोकनों में भी अपना पूरा धान नहीं बेच पाए। रायपुर जिले के मंदिर हसौद सहकारी बैंक शाखा के अधीन आने वाले धान उपार्जन केन्द्र टेकारी के 6 व बरौदा के 1 ऐसे ही किसान का उदाहरण देते हुए जानकारी दी गयी है कि पूरे प्रदेश में बमुश्किल ऐसे गिनती के किसान ही होंगे। ऐसे किसानों की सूची सोसायटियों के माध्यम से कलेक्टर (खाद्य शाखा) को पूर्व में ही भिजवा देने की जानकारी देते हुये इन्हें एक और टोकन जारी कराने का आग्रह किया है ताकि ऐसे किसान अपना शेष धान बेच सके।

ज्ञातव्य हो कि शासन ने 5 एकड़ तक के किसानों के लिये 2 टोकन व इससे ऊपर रकबे के किसानों के लिये 3 टोकन निर्धारित किया है। इन्हें ही शेष धान बेचने एक-एक अतिरिक्त टोकन जारी करने की मांग की जा रही है। पूर्व में किसानों की इन दोनों समस्याओं को लेकर बीते 22 जनवरी को मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपने वाले श्री शर्मा ने कहा है कि पूर्व के वर्षों में किसानों की समस्या को देखते हुए अतिरिक्त टोकन जारी किया जाता रहा है।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने नृत्य कविता, भाषण की प्रस्तुति दी

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम खैरखूंट में सरस्वती कान्वेंट विद्या मंदीर में हर्षो उल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा अनेक ज्ञानवर्धक एवं शिक्षा प्रद सामूहिक नृत्य, गीत, कविता, भाषण प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी थे। त्रिवेदी ने जी ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए शुभ आशीष प्रदान किया। अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलीत कर माँ सरस्वती एवं मां भारती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी में आये विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच शिवकुमार हनुमंता, देवेंद्र वर्मा पूर्व जनपद सदस्य, रजत कश्यप सगुनी उपसरपंच, संतोष साहू अध्यक्ष साहू समाज लखना



परिक्षेत्र, ज्योतिष साहू योग प्रवक्ता, योग शिक्षक शेखर साहू, दानी सेन, कौशल साहू, रामेश्वर साहू, संजय वर्मा, उत्तम निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। प्रधानाचार्य निर्मला दुबे, सिंधु दुबे ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की। सुधीर दुबे व आसु दुबे ने सभी पालको व ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया।



### राष्ट्रपति सुधारात्मक सेवा पदक से सम्मानित हुए टेकराम वर्मा

**आरंग।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को ग्राम खम्हरिया निवासी टेकराम वर्मा को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति सुधारात्मक सेवा पदक से सम्मानित किया गया। यह पदक सेवा, समर्पण और बलिदान के लिए दिये जाने वाला पदक हैं। टेकराम वर्मा को पुलिस सेवा में लगातार 29 वर्षों से बेदाग व सराहनीय सेवा के लिए प्रांतिय सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

### मदर्स प्राइड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



मदर्स प्राइड स्कूल आरंग में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट की मनमोहक प्रस्तुति के साथ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि जगदम्बा देवी ध्रुवकुमार शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, भाशण, कविता आदि प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पालक समिति अध्यक्ष संतोश देवांगन, बैहार के पूर्व सरपंच गीता देवी साहू, प्राचार्य अजय पटेल, मिडीया प्रभारी सुधीर बंजारे, देवेन्द्र परमार सहित शिक्षकगण व स्कूली छात्र उपस्थित थे।

नागा साधुओं का अनुष्ठान में लग रहा जमावड़ा

## बगलामुखी महायज्ञ में हजारों भक्तों ने डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मान्यता पूरी होने जैसी कई किवदंतिया प्रचलित
- मां मातंगी दिव्यधाम जामगांव अभनपुर में तीन दिवसीय आयोजन

मां मातंगी दिव्यधाम जामगांव अभनपुर में 27 से 29 जनवरी तक आयोजित मां बगलामुखी महायज्ञ में देश के कोने -कोने के साथ -साथ विदेशों से भी भक्तों का आना जारी है। नागा साधुओं का दिव्य धाम में आना बगलामुखी महायज्ञ की दिव्यता एवं भव्यता में चार चांद लग रहा है। लगातार नागा साधुओं का इस महाविशाल बगलामुखी महायज्ञ में सम्मिलित होना ऐसा लग रहा है कि शायद स्वयं मां बगलामुखी ने यज्ञ में शामिल होने का निर्देश दिया है। मां मातंगी दिव्यधाम में आयोजित मां बगलामुखी महायज्ञ 27 जनवरी को शुरू हुआ है। यज्ञ 29 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस महाविशाल महायज्ञ में पहले ही दिन हजारों की संख्या में दूरदराज से आए भक्तों ने आहुति दी।



### मां के धाम में भक्त कहते हैं कि हो रहे चमत्कार

मां मातंगी दिव्य धाम में लगातार चमत्कार होते रहते हैं, ऐसा भक्तों का कहना है। विदेशों में भी भक्त लगातार धाम के चमत्कार को महसूस करते हैं। धाम में उपस्थित दो भक्तों ने चमत्कार से संबंध में अपने अनुभव को लोगों से साझा किया। बिहार से आई से मौसमी जो की महज 10 साल की है। जिसका 3 साल पहले अचानक से दोनों पैर के नीचे का हिस्सा काम करना बंद कर दिया। 2 साल पहले बच्ची धाम में आई और अब बिल्कुल ठीक है। भूरू शेख जो कि महाराष्ट्र से है, जिनकी आर्थिक और मानसिक स्थिति काफी खराब थी। धाम से जुड़ने के बाद फिलहाल उनकी हर बाधा और समस्या दूर हो चुकी है। मां मातंगी दिव्यधाम में अनोखी गौशाला है, जिसमें देश से विलुप्त होती विभिन्न प्रजातियों की गायों को संरक्षित किया जा रहा है।

### अलौकिक दिव्य शक्ति का दरबार

छत्तीसगढ़ का इकलौता मां मातंगी दिव्यधाम अपनी अलौकिक ऊर्जा एवं शक्ति के लिए विश्व विख्यात है। धाम के पीठाधीश्वर डॉक्टर श्री प्रेमा साई महाराज भक्तों की समस्या को दिव्य चमत्कारी पर्चे पर लिखकर दूर करते हैं। मां मातंगी दिव्यधाम में अलौकिक शक्ति का दिव्य दरबार है। यहां 10 महाविद्या में से तीन महाविद्या क्रमशः मां मातंगी, मां बगलामुखी व मां छिन्नमस्ता के उपासक पीठाधीश्वर प्रेमा साई महाराज तीन दिव्य चमत्कारी पर्चे पर लिखकर भक्तों की सभी समस्याओं को दूर करते हैं।

### अस्थमा का निशुल्क इलाज

इस धाम में जानलेवा बीमारी अस्थमा का निशुल्क इलाज धुएं के माध्यम से किया जाता है। इस धाम में अस्थमा की जो दवा देने की परंपरा है उस परंपरा में तीन दिन में तीन डोज दिया जाता है। कहा जाता है कि इसके बाद अस्थमा आजीवन के लिए खत्म हो जाता है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, तिल्दा-नेवरा (छ.ग)**
**- ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र./ /अ-20(3)
वर्ष 2024-2025 तिल्दा प.ह.नं. 19
क्रमांक / / वाचक / न.अ./ 2025

तिल्दा- नेवरा दिनांक 24/01/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक मनीष छत्तानी पिता श्री मोहनदास छत्तानी निवासी तिल्दा-नेवरा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत फौती नामांतरण बाबत आवेदन पेश किया है जो कि मौजा तिल्दा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर 253, 228 का भाग रकबा 14,541 वर्गफुट भूमि खसरा नंबर 812/2 का भाग रकबा 3,112 वर्गफीट भूमि एवं 2600 वर्गफीट भूमि कुल रकबा 20, 253 वर्गफीट भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में आवेदक के दादा स्व. खियालदार कुन्द स्व. ताराचंद के नाम से दर्ज है। आवेदक के दादा स्व. खियालदास वल्द स्व. ताराचंद की मृत्यु दिनांक 06/07/2003 को हो चुकी है, अतएव आवेदक द्वारा वारिसान हक के आधार दादा स्व. खियालदास वल्द स्व. ताराचंद के समस्त वैधानिक वारिसान का नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ पट्टा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 10/02/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय नजूल अधिकारी तिल्दा-नेवरा में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/01/2025 को न्यायालय मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
तिल्दा-नेवरा

# मोहल्लों की जंग का आगाज, समय कम, चुनौती ज्यादा

रायपुर। नगर निगम में चुनावी घमासान का आगाज हो चुका है। कांग्रेस-भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशियों के चेहरे सामने आ चुके हैं। इनमें से कोई एक मोहल्ले से निकलकर वार्ड का नेता चुना जाएगा। इसके लिए सभी को तेजी से जीत का मंत्र जपना होगा, क्योंकि समय बेहद कम है। सिर्फ 11 दिनों में उनको गली मोहल्लों में पहुंचकर घर-घर दस्तक भी देनी है। यह एक बड़ी चुनौती है। मुद्दें, वार-पलटवार के बीच कम समय में ज्यादा लोगों तक पहुंचने की चुनौती का उनको सामना करना पड़ेगा।




## 15 बरस से अपराजित भाजपा से छीनी थी कांग्रेस ने कुर्सी, अब वापसी की जंगी

**वार्ड नंबर 12 काली माता वार्ड**

भाजपा प्रत्याशी : साधना प्रमोद साहू
कांग्रेस प्रत्याशी : प्रियंका अमितेष भारद्वाज

| | |
|---|---|
| पुरूष मतदाता : | 9,594 |
| महिला मतदाता : | 9632 |
| तृतीय लिंग मतदाता : | 8 |
| कुल मतदाता : | 19,234 |

**क्षेत्र** : राजीव नगर, खपराभट्टी, तरूण नगर, कुश बस्ती, अनुपम नगर, लोधीपारा चौक, जयहिंद चौक, नहरपारा, मर्लिन अपार्टमेंट, यादव पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

काली माता वार्ड में राज्य बनने के बाद शुरुआती 15 वर्षों तक एकतरफा भाजपा का शासन रहा। भाजपा नेता प्रमोद साहू यहां 15 वर्षों तक पार्षद रहे। पिछले चुनाव में अमितेष भारद्वाज ने भाजपा को शिकस्त देकर कांग्रेस के लिए हार के सिलसिले को तोड़ा। अब एक बार फिर प्रमोद साहू की इस वार्ड में पत्नी के जरिए वापसी हो रही है, महिलाओं के लिए आरक्षित इस वार्ड में उनकी पत्नी जोरआजमाइश करेंगी। उनका मुकाबला कांग्रेस के पार्षद रहे अमितेश की पत्नी प्रियंका भारद्वाज है। दो महिलाओं में रोचक मुकाबला यहां देखने को मिलेगा। यह सीट प्रमोद साहू की रही है। लेकिन पिछले चुनाव में बीजेपी ने आरडीए अध्यक्ष रह चुके संजय श्रीवास्तव को टिकट दी और उन्हें कांग्रेस के अमितेष भारद्वाज के हाथों 680 वोट से हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस ने 15 बरस बाद यहां जीत का स्वाद चखा। श्रीवास्तव को यहां से उम्मीद्वार बनाए जाने की वजह से प्रमोद को दूसरे वार्ड से दावेदारी करनी पड़ी थी। अब उनकी वापसी हो रही है। महिला सीट आरक्षित होने के कारण यहां इस बार कांग्रेस से प्रियंका अमितेष भारद्वाज चुनाव लड़ेंगी तो वहीं बीजेपी ने प्रमोद की पत्नी साधना को मैदान में उतारा है। पिछली बार प्रमोद साहू को भाजपा ने महात्मा गांधी वार्ड से टिकट दिया था और वे वहां भी जीत हासिल करने में कामयाब रहे। 20 सालों से अपराजित रहे पार्षद की अपने क्षेत्र में वापसी कांग्रेस



के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। पिछला चुनाव रोचक रहने के कारण इस बार यहां सबकी नजरें टिकी हुई हैं। एक तरफ तीन बार के पार्षद रहे प्रमोद की पत्नी साधना मैदान में हैं तो दूसरी तरफ भाजपा के दिग्गज नेता संजय श्रीवास्तव को हरा चुके अमितेष भारद्वाज की पत्नी प्रियंका मैदान में हैं। देवार डेरा में कांग्रेस शासनकाल में हमर अस्पताल का काम तो शुरू हुआ, लेकिन अब तक यह पूरा नहीं हो सका है। इसके अलावा श्मशान घाट में बुनियादी सुविधाएं ना होना भी मुख्य मुद्दा बना हुआ है। परिसीमन के बाद इस वार्ड में जयहिंद चौक, नहरपारा, मर्लिन अपार्टमेंट, यादव पारा को जोड़ा गया है। यहां की बस्तियों में नाली निर्माण ना हो पाना एक मुख्य मुद्दा है। इसे लेकर बस्ती के लोगों में आक्रोश है।

**आमने-सामने**

### लोगों ने पांच साल सिर्फ हमें याद किया



भाजपा प्रत्याशी साधना प्रमोद साहू का कहना है कि जब 15 सालों तक यहां बीजेपी जीत रही थी, उस वक्त ही सारे विकास कार्य हुए हैं। कांग्रेस की जीत के पश्चात 2019 से लेकर अब तक जनता अपने निर्णय पर पछता रही है और हमें याद कर रही है। कांग्रेस के खिलाफ एंटी-इंकम्बेंसी का माहौल बना हुआ है। साफ-सफाई और नाली निर्माण जैसे बुनियादी कार्य भी कांग्रेस यहां नहीं कर पाई है।

### 15 सालों में कुछ नहीं कर सके पार्षद



कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका भारद्वाज कहती हैं, बीजेपी के पार्षद पिछले 15 सालों में जो काम नहीं कर सके, वो हमने सिर्फ पांच सालों में करके दिखा दिया है। जनता द्वारा पिछले चुनाव में संजय श्रीवास्तव जैसे दिग्गज नेता को हरा देना यह बताता है कि भाजपा से लोग कितने असंतुष्ट हैं। यहां जितने भी विकास कार्य हुए हैं वे कांग्रेस काल के ही हैं। भाजपा के पास गिनाने के लिए अपनी कोई उपलब्धियां नहीं हैं।

**वार्ड नंबर 20**
**रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

कुल मतदाता **12,500**
पुरुष मतदाता **6,267**
महिला मतदाता **5,985**
तृतीय लिंग **04**



श्रीकुमार मेनन
कांग्रेस प्रत्याशी



अमन ठाकुर
भाजपा प्रत्याशी

## तीन बार रहे कांग्रेस से पार्षद, मुकाबले में भाजपा का युवा, दिलचस्प होगी लड़ाई

निगम चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर तस्वीर तकरीबन साफ हो गई है। पार्षद प्रत्याशियों का ऐलान हो चुका है। वार्ड नंबर-20 यानी रामकृष्ण परमहंस वार्ड में इस बार पार्षद चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी एवं वरिष्ठ पार्षद तथा निवृत्तमान एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन और भारतीय जनता पार्टी के युवा प्रत्याशी अमन ठाकुर आमने-सामने होंगे। निकाय की राजनीति का खासा अनुभव रखने वाले श्रीकुमार मेनन 3 बार के पार्षद रहने के साथ ही उनके साथ यह बात भी जुड़ी रही कि हर बार आरक्षण के चलते उन्हें वार्ड चेंज करने की नौबत आई। यह पहला मौका है, जब निकाय चुनाव में उनका वार्ड रिपीट हो रहा है। उनके सामने भाजपा के युवा प्रत्याशी अमन ठाकुर चुनाव मैदान पर हैं। इसे पार्टी ने नए चेहरे के रूप में वार्ड मेंबर का चुनाव लड़ने मौका दिया है। अमन 2021 में अखिल भारतीय परिषद के युवा मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य रहे। वर्तमान में जिला मीडिया प्रभारी रायपुर जिला का दायित्व संभाले हैं। यहां मुकाबला इसलिए भी दिलचस्प होगा क्योंकि पिछले वार्ड चुनाव में जीत का अंतर चार अंकों का भी नहीं था। तकरीबन 900 वोटों से मेनन ने विरोधी को परास्त किया था। मुद्दों की बात की जाए तो वार्ड में पट्टा आवंटन सहित मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने की बात हो रही है।

**आमने-सामने**

### कोटा में नया कालेज खोलने की मंशा : मेनन

कोटा में विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालयिन स्तर शिक्षा उपलब्ध कराने नया कालेज नहीं है। इसीलिए वहां नया कालेज की सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी। इसी तरह सरकारी स्कूल में प्रायमरी कक्षा तक पढ़ाई की सुविधा है, आने वाले दिनों में इसका विस्तार कराया जायेगा। पांच साल तक रामकृष्ण परमहंस वार्ड का पार्षद रहकर जनता की मूलभूत जरूरत से जुड़ी सुविधा उपलब्ध कराने विभिन्न स्तर पर काम कराया है, कुछ काम अधूरे रह गये उसे पूरा कराने जोर दिया जायेगा।

### युवाओं के लिए खेल मैदान लाइब्रेरी हो : अमन

देश की 60 फीसदी आबादी युवाओं की है, एक युवा होने के नाते मैं ये चाहूंगा कि वार्ड की नई पीढ़ी के लिए एक सर्वसुविधा युक्त खेल मैदान हो। कॅरियर की तैयारी में जुटे युवाओं और मोहल्ले के बुजुर्गों के लिए लाइब्रेरी खुलवाने की इच्छा है। कुल मिलाकर एक स्मार्ट वार्ड में जो सुविधा लोगों को मिलनी चाहिए, उसी कंसेप्ट को ध्यान में रखकर जन सहयोग से वार्ड को संवारना चाहता हूं। भवानी नगर के रहवासियों की समस्या पट्टे को लेकर है, पार्षद के रूप में काम करने का मौका मिलता है, तो जरूरतमंदों को शासन और निगम के समन्वय से पट्टा दिलवाया जायेगा।

## ...यहां अजीब है गणित

### ओबीसी आरक्षण होने पर ही जीतती है कांग्रेस

**वार्ड नंबर 15 नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड**

भाजपा प्रत्याशी : राजेश देवांगन
कांग्रेस प्रत्याशी : घनश्याम देवांगन
पुरूष मतदाता : 8163
महिला मतदाता : 8127
तृतीय लिंग मतदाता : 1
कुल मतदाता : 16,291

**क्षेत्र** : गुढ़ियारी बाजार, महावीर स्कूल क्षेत्र, हनुमान मंदिर, श्रीनगर, महेश कॉलोनी, मुर्रा भट्ठी, आकाश गैस गोदाम, नहर पारा



गुढ़ियारी क्षेत्र के इस वार्ड का गणित ही अजीब है। यहां से हमेशा विनोद अग्रवाल या उनके परिवार का कब्जा रहा है। यहां कांग्रेस का कब्जा तब ही होता है, जब इस सीट को ओबीसी आरक्षित घोषित कर दिया जाता है। राज्य बनने के बाद शुरुआती दो चुनाव में विनोद अग्रवाल तत्पश्चात उनकी पत्नी ने जीत हासिल की। इसके बाद सीट को ओबीसी आरक्षित घोषित कर दिया गया। इस दौरान कांग्रेस के बाबुल यादव ने जीत दर्ज की। इसके बाद पुनः बीजेपी के विनोद अग्रवाल सत्ता में लौट आए।

यह सीट अब एक बार पुनःओबीसी आरक्षित घोषित कर दी गई है। यहां मुकाबला देवांगन वर्सेस देवांगन है। भाजपा से राजेश देवांगन तो कांग्रेस से घनश्याम देवांगन मैदान में हैं। अन्य वार्ड की तरह यहां की भी सर्वकालिक समस्या साफ-सफाई ही है। बाजार क्षेत्र और स्कूलों के आस-पास स्वच्छता को लेकर लोगों में थोड़ा रोष है। जाम की समस्या से रोजाना दो-चार होने वाले गुढ़ियारी के लोगों को राहत की उम्मीद इस बार है।

**आमने-सामने**

### रास्ता नहीं दिली सकी बीजेपी



कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम देवांगन कहते हैं कि गुढ़ियारी के लोगों को बाहर निकलने के लिए आज तक ट्रैफिक रहित रास्ता ही नहीं मिल सका है। लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद भी बीजेपी पार्षद जाम से यहां के लोगों को राहत नहीं दिला सके हैं। इतने वर्षों में बच्चों के खेलने के लिए गार्डन भी नहीं बना सके। जो हालात वर्तमान में बन चुके हैं, उसे देखते हुए हम विश्वस्त हैं कि इस बार कांग्रेस ही जीत दर्ज करेगी।

### कांग्रेस सरकार ने पारित नहीं किए प्रस्ताव



भाजपा प्रत्याशी राजेश देवांगन का कहना है कि वार्ड में वर्तमान में बीजेपी पार्षद हैं, लेकिन राज्य में कांग्रेस सरकार होने के कारण किसी तरह की मदद विकास कार्य में नहीं मिल सकी। विकास संबंधित हमारे हर प्रस्ताव को पारित होने से रोक दिया गया। इस कारण यहां वैसा विकास नहीं हो सका, जैसा होना चाहिए था। अब राज्य में बीजेपी की सरकार है और जनता पार्षद भी बीजेपी से ही चुनेगी तो डबल इंजन की सरकार का फायदा उन्हें मिलेगा।

# शक्ति प्रदर्शन के साथ मीनल चौबे ने 70 पार्षद प्रत्याशियों के साथ भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के नगर निगम के मेयर पद की भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने मंगलवार को बड़े शक्ति प्रदर्शन के साथ सभी 70 पार्षद प्रत्याशियों संग नामांकन दाखिल किया। इसके पहले एकात्म परिसर से रैली निकाली गई। इसमें प्रदेश के मंत्री और रायपुर संभाग प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा व मोतीलाल साहू के साथ ही प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, नगर निगम रायपुर संगठन प्रभारी संदीप शर्मा, अशोक बजाज, शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस रैली में कार्यकर्ताओं ने नया नारा लगाया 'बंटोगे तो फिर लुटोगे'। नामांकन और रैली से पहले श्रीमती चौबे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। एकात्म परिसर में मंगलवार सुबह से ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता जुटे। सभी वार्डों के भाजपा प्रत्याशी भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। दोपहर 11 बजे रैली निकाली गई। रैली में शास्त्री चौक के पास सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। वे महासमुंद में डॉ. विमल चोपड़ा के नामांकन में शामिल होने के कारण यहां पर विलंब से पहुंचे।

- एकात्म परिसर से निकली रैली में शामिल हुए प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, बृजमोहन और शहर के सभी विधायक
- नामांकन से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की मुलाकात



### सीएम से भेंट, घर में की पूजा

इसके पूर्व मीनल चौबे ने अपने निवास में भगवान श्रीराम-माता सीता सहित अन्य विग्रहों की पूजा की। इसके बाद वह मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण के विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर उत्तर के विधायक सुनील सोनी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लोकतंत्र की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इनके चुनाव होने जा रहे हैं। बड़े ही सौभाग्य की बात है कि रायपुर नगर निगम में भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे और 70 वार्डों के पार्षद प्रत्याशी आज नामांकन दाखिल कर रहे हैं। सभी को शुभकामनाएं देता हूं।

### लगाया नारा- बंटोगे तो फिर लुटोगे

रैली के दौरान लगातार नारे भी लगाए जा रहे थे। भाजपा को लाना है, बटन दबाओ कलम निशान पर, मीनल दीदी आएंगी, शहर में भाजपा का सुशासन लाएंगी। इन नारों के बीच ही एक युवाओं की टोली ने जब यह नारा लगाना शुरू किया कि बंटोगे तो लुटोगे। इस नारे के बाद लोग एक-दूसरे से भी कहने लगे। सही है इस नारे का मतलब, बंटोगे तो लुटोगे, यही है इसका मतलब।

### विधायक मूणत रैली में पैदल चले

रैली में जहां एक रथ पर मीनल चौबे के साथ प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित भाजपा नेता सवार थे, वहीं अन्य रथों पर भी भाजपा के कई नेता सवार थे। इधर रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत के साथ ही निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, सूर्यकांत राठौर, प्रत्याशी नहीं बनाए गए पूर्व पार्षद मृत्युंजय दुबे सहित कई नेता एकात्म परिसर से कलेक्टोरेट तक रैली में पैदल ही शामिल हुए।

### भाजपा के सभी प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

पार्षद प्रत्याशी विशाल पाण्डेय, भगतराम हरवंश, मनमोहन मनहरे, नंदकुमार साहू, अम्बिका साहू, खगपति सोनी, खेमकुमार सेन, आर्ची साहू, गोपेश कुमार साहू, देवदत्त द्विवेदी, मोहन साहू, साधना प्रमोद साहू, महेंद्र खोडियार, सूर्यकांत राठौर, राजेश देवांगन, गज्जू साहू, प्रमिला साहू, सोहन साहू, प्रीतम ठाकुर, अमन ठाकुर, गायत्री सुनील चंद्राकर, मीना ठाकुर, कृष्णा पंचूराम भारती, राधिका साहू, भोलाराम साहू, रामहीन कुर्रे, अवतार सिंह बागल, कृतिका जैन, कैलाश बेहरा, राजेश कुमार गुप्ता, पुष्पा रोहित साहू, प्रभा मनोज विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, ज्ञानचंद चौधरी, घनश्याम रक्सेल, श्वेता विश्वकर्मा, दीपक जायसवाल, आनंद अग्रवाल, सुमन अशोक पाण्डेय, आशु चंद्रवंशी, सरिता दुबे, अम्बर अग्रवाल, अजय साहू, मुरली शर्मा, प्रीति परताले, संजना संतोष हियाल, संतोष साहू, महेश ध्रुव, अनामिका सिंह, गायत्री नौरंगे, उत्तरा सिंह, विनय पंकज निर्मलकर, मनोज जांगड़े, सुषमा तिलक साहू, विनय प्रताप सिंह ध्रुव, सचिन मेघानी, अमर गिदवानी, स्वप्निल मिश्रा, अंजलि जितेंद्र गोलछा, रमेश सपहा, रवि सोनकर, बद्री प्रसाद गुप्ता, प्रमोद कुमार साहू, मनोज वर्मा, मंजू राजेंद्र सिंह यादव, श्यामसुंदर अग्रवाल, ममता तिवारी, दुर्गा यादराम साहू, महेंद्र औसर और अर्जुन यादव ने भी रैली में शामिल होकर नामांकन दाखिल किया।

# दीप्ति और कांग्रेस प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी दीप्ति दुबे स्कूटी पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने पहुंचीं। नामांकन दाखिल करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, रायपुर शहर ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे और पूर्व निगम सभापति प्रमोद दुबे भी मौजूद रहे। इसके पहले कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस भवन गांधी मैदान से रैली निकालने की योजना थी, जिसे स्थगित कर दिया गया। स्थल पर कार्यकर्ता इंतज़ार करते रहे।

उन्होंने कहा, आज स्कूटी से हेलमेट पहन का आने का उद्देश्य यही कि हम लोगों को मैसेज दे रहे हैं कि लोग ट्रैफिक नियमों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करें। आज हमने नामांकन जमा किया है। अब मैं लोगों के बीच भी जाऊंगी। किसी को कोई समस्या हो, वो सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं। मजबूती से चुनाव लड़ेंगे।

कांग्रेस की सूची देर से जारी होने के कारण अधिकतर कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों ने अंतिम दिन नामांकन भरा। कलेक्टोरेट में सुबह 11 बजे से ही नामांकन भरने भीड़ देखी गई।



### चार वार्ड में कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशियों को बी फार्म जारी करेगी

*अब चारों वार्डों में टिकट की घोषणा नहीं करेगी। कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी के नाम से सीधे बी-फार्म जारी होगा। चारों वार्डों में संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन भरा है। मदर टेरेसा वार्ड, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, अरविंद दीक्षित वार्ड से भी कांग्रेस ने प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है।*

# नामांकन दाखिले के अंतिम दिन उमड़ा हुजूम

## कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशियों ने अंतिम दिन किया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए रायपुर नगर निगम में 70 वार्ड पार्षद और महापौर प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को होगी। उसके बाद विधिमान्य नामांकन पत्रों की वापसी 31 जनवरी तक हो सकेगी। भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों और महापौर ने अंतिम दिन अपने नामांकन दाखिल किए। नामांकन दाखिले के दौरान अंतिम दिन कलेक्टोरेट में कड़ी सुरक्षा के बीच प्रत्याशियों को एक प्रस्तावक के साथ ही नामांकन कक्ष में जाने की अनुमति दी गई थी। पार्षद के लिए कक्ष बनाए गए थे। वहां पर आठ से नौ वार्ड के पार्षद नामांकन दाखिल कर सकते थे। वहीं महापौर के लिए दो कक्ष बनाए गए थे, वहां एक प्रस्तावक के साथ प्रत्याशी को प्रवेश की अनुमति दी गई थ्री। दोपहर तीन बजे तक कलेक्ट्रोरेट में आने जाने वालों ककी काफी भीड़ के चलते दोनों गेट बंद कर दिए गए थे। सुरक्षा बल के जवानों ने यहां का मोर्चा संभाला था।



### 28 महापौर प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

आम आदमी पार्टी से डॉ. शुभांगी अंजू चंद्रशेखर तिवारी, भारतीय जनता पार्टी से मीनल चौबे, इंडियन नेशनल कांग्रेस से दीप्ति प्रमोद दुबे, बहुजन समाज पार्टी से डॉ. सितारा खान, शिवसेना से अनीता कुलदीप, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से चांदनी साहू, शिवसेना (यूबीटी) से ज्योति सिंह, धूं सेना से मीना तिवारी (अधिवक्ता), गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से प्रिया शर्मा, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से ऋचा वर्मा, शक्ति सेना (भारत देश) से सविता शैलेन्द्र बंजारे तथा निर्दलीय में डॉ. आरती रामेश्वर सोनवानी, गायत्री सिंह, मोबिना खान, नंदिनी नायक, नूसरत बेगम, राधेश्वरी गायकवाड़, रूबीना बेगम, सरिफुन निशा, सरोज बेन सोलंकी, सायरा बेगम, शबिस्ता खान, शगुप्ता अंजुम खान, शोभा, शोभा यादव, सुषमा आनंद अग्रवाल, तहमीना परवीन, तलत उन्नीशा शामिल हैं।

**पार्षदों ने भी भरा नामांकन**

नगर निगम के लिए कांग्रेस और भाजपा के 70 वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों के अलावा निर्दलीयों ने अपने नामांकन जमा किए। करीब 500 से अधिक पार्षद प्रत्याशियों ने अपने नामांकन जमा किए हैं। अब इन नामांकन पत्रों की जांच के बाद सही पाए गए नामांकन पत्रों की सूची कल जारी की जाएगी।

शिवनाथ हुंडई ने अपने 25 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण किये,
आपके भरोसे और सहयोग के लिए धन्यवाद ।

SHIVNATH HYUNDAI

RTO में 50% की छूट।

यह ऑफर 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक

25 SHIVNATH HYUNDAI

Celebrating 25 Years of Success



निरन्तर आपकी सेवा में तत्पर
शिवनाथ हुंडई परिवार।

*नियम एवं शर्तें लागू

SHIVNATH HYUNDAI
Contact no. : +91 70499 17611.
E-mail id :- e.enquiry@shivnath.jaika.com
https://www.instagram.com/shivnath_hyundai_official
https://www.facebook.com/Shivnathhyundaiofficial
www.shivnath.hyundaimotor.in
Tatibandh, Telibandha, Bhilai, Dhamtari,Jagdalpur, Durg, Mahasamund, Kanker, Gariyaband, Rajnandgaon, Baloda Bazar.

**बिजनेस साइट**

## मद्रासी रेस्टोरेंट : स्वाद और संस्कृति का संगम, ग्राहकों के लिए नई पेशकश



**रायपुर।** शहर का प्रतिष्ठित मद्रासी रेस्टोरेंट अपने अनोखे स्वाद और बेहतरीन सेवाओं के लिए वर्षों से प्रसिद्ध है। इसकी स्थापना 1946 में हुई थी, यह रेस्टोरेंट खासकर राजकुमार कॉलेज के छात्रों और उनके परिवारों के बीच लोकप्रिय रहा है। रेस्टोरेंट के डायरेक्टर के अनुसार, विगत चार दशकों में मद्रासी रेस्टोरेंट ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओडिशा में अपनी अलग पहचान बनाई है और उन्होंने परंपराओं को बनाए रखते हुए आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार सेवाओं में सुधार किया है। हाल ही में रेस्टोरेंट ने छात्रों और बैचलर्स के लिए इकोनॉमिकल कॉम्बो मील्स पेश किए हैं, जो स्वाद, सेहत और किफायती दाम का बेहतरीन संतुलन प्रदान करते हैं। इसके अलावा रायपुर में एक विशेष ऑफर भी लॉन्च किया गया है, जिसमें बिरयानी, पनीर टिक्का, चिकन बिरयानी और अन्य व्यंजन शामिल हैं। यह ऑफर रेस्टोरेंट के विभिन्न आउटलेट्स पर उपलब्ध है और रायपुरवासियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

## छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में 76वां गणतंत्र दिवस नवा रायपुर स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा ने उपस्थित सभी कर्मचारियों तथा अतिथियों के साथ ध्वज फहराया। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक विजय कुमार अग्रवाल, अवास कुमार सतपथी, विजय वसंत रायकवाड़ और सहायक महाप्रबंधक अमरजीत सिंह खनूजा समेत बैंक के सभी विभाग प्रमुख, कर्मचारी, उनके परिजन और विशेष अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# 10वीं-12वीं की परीक्षा में स्कूल आईडी अनिवार्य होगी, डायबिटिक छात्र ले जा सकेंगे खाद्य सामग्री

केंद्रों की सूची संग अन्य दिशा-निर्देश भी जारी, इस बार बरती गई है कड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस साल देशभर से सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में लगभग 44 लाख स्टूडेंट भाग ले रहे हैं। इनमें से 50 हजार विद्यार्थी छत्तीसगढ़ से हैं। हर साल की तरह इस साल भी बोर्ड ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में भाग लेने वाले स्टूडेंट के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। यह दिशानिर्देश छात्रों को परीक्षा हॉल में प्रतिबंधित आइटमों और अलाउड आइटमों के संबंध में जारी किया गया है। 10वीं-12वीं की परीक्षा में भाग लेने वाले सभी रेगुलर स्टूडेंट को सीबीएसई बोर्ड एग्जाम एडमिट कार्ड के साथ स्कूल आईडी कार्ड को लेकर जाना अनिवार्य है। वहीं प्राइवेट स्टूडेंट के लिए सीबीएसई एडमिट कार्ड के साथ सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त फोटो आईडी प्रूफ होना चाहिए। सीबीएसई ने स्टूडेंट के लिए ड्रेस कोड भी जारी किए हैं।

### स्कूलों को प्रेषित की गई सूची

छात्रों को परीक्षा हॉल में वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग और पाउच ले जाने पर भी मनाही है। इतना ही नहीं मधुमेह रोगियों को छोड़कर अन्य परीक्षार्थियों द्वारा किसी भी तरह के खाने की चीज, चाहे वो खुली हो या फिर पैक लेकर जाने की मनाही है। कोई भी अन्य आइटम जिसका अनुचित साधनों के लिए उपयोग किया जा सकता है, उसे अनुचित साधनों की श्रेणी में माना जाएगा और नियमों के अनुसार दंडनीय होगा। सीबीएसई ने अपनी वेबसाइट पर इन वस्तुओं की सूची विस्तृत रूप से जारी कर दी है। इसके अलावा स्कूलों को भी इसे प्रेषित कर दिया गया है।

### पारदर्शी होनी चाहिए पानी बोतल

इसके अलावा सीबीएसई ने सभी छात्रों के लिए ड्रेस कोड जारी किया है। सीबीएसई ने कहा कि रेगुलर छात्रों को बोर्ड परीक्षा में अपने-अपने स्कूल यूनिफॉर्म में आना होगा। वहीं प्राइवेट छात्रों को हल्के कपड़ों के साथ बोर्ड परीक्षा में भाग लेना होगा। इसके अलावा छात्रों को परीक्षा केंद्र में एंट्री पाने के लिए गहन तलाशी से गुजरना होगा। स्टेशनरी आइटम जैसे, पारदर्शी पाउच, जियोमेट्री/पेंसिल बॉक्स, नीला/रॉयल ब्लू इंक/बॉल पॉइंट/जेल पेन, स्केल, राइटिंग पैड, रबर लेकर जा सकेंगे। इसके साथ ही परीक्षा हॉल में स्टूडेंट एनालॉग घड़ी, पारदर्शी पानी की बोतल, मेट्रो कार्ड, बस पास और पैसे लेकर जा सकते हैं।

## श्री रामा होंडा में एसपी 125 बाइक और नई एक्टिवा 125 की लॉन्चिंग



**रायपुर।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया लिमिटेड (एचएमएसआई) ने अपनी नई होंडा एसपी 125 मोटरसाइकिल और नई एक्टिवा 125 स्कूटर की लॉन्चिंग श्री रामा होंडा बेमेतरा में की। इन दोनों वाहनों में अत्याधुनिक तकनीक के साथ कई खास फीचर्स शामिल हैं, जैसे फुली डिजिटल मीटर, रीयल टाइम माइलेज, और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी। ये नए मॉडल ओबीडी2बी मानकों के अनुरूप भी हैं। इनकी शुरुआती कीमत 92,686 रुपए (एसपी 125) और 98,338 रुपए (नई एक्टिवा 125) (एक्स-शोरूम बेमेतरा) रखी गई है। लॉन्च इवेंट में एरिया ऑफिसर आलोक राय, श्री रामा होंडा के स्थानीय डीलर और डायरेक्टर केशव मोटवानी, गौतम मोटवानी और पूरी सेल्स टीम भी मौजूद थी।

## छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल में देशभक्ति का जश्न



**रायपुर।** सर्वोदय नगर टाटीबंध स्थित छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह समारोह प्रातः 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगान से शुरू हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट किया और देश के प्रति सम्मान एवं समर्पण की भावना व्यक्त की। छात्रों ने देशभक्ति के नारे लगाकर उत्साह का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शाला संरक्षक सत्यबाला अग्रवाल, शाला प्रबंधक ज्योति अग्रवाल, प्राचार्य राकेश चतुर्वेदी और समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

## पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में मना गणतंत्र दिवस



**रायपुर।** भाठागांव स्थित पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम और गर्व के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर संस्थान की निदेशक कविता कुंभज, अम्लेश्वर शाखा के निदेशक राहुल कुंभज और संस्थान के सभी शिक्षक, स्टाफ, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रध्वज फहराने से हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बच्चों ने विविध नाटक और गीतों से सभी का दिल जीत लिया।

## ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में गणतंत्र दिवस



**रायपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में हर्षोल्लास और धूमधाम से समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की अध्यक्ष मंजू शांडिल्य ने की, जिसके बाद ध्वज फहराने का ऐतिहासिक क्षण आया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्राचार्य प्रतिमा राजगोर ने छात्रों को अपने तकनीकी और शैक्षिक विकास पर जोर देने की बात की। उन्होंने जीवन में नए लक्ष्य और ऊंचाईयों को छूने के लिए प्रेरक विचार साझा किए।

## गणतंत्र दिवस पर बीओबी की विशेष पहल, लगाए 600 पौधे



**रायपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) रायपुर जोन ने बैरन बाजार स्थित अपने आंचलिक कार्यालय में समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. आरके मोहंती, उप महाप्रबंधक ने ध्वजारोहण कर किया। जिसके बाद उन्होंने संविधान के महत्व और समाज के विकास में बैंकरों की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किए। भारतकुमार चावड़ा, उप महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) ने कर्मचारियों को उनके बैंकिंग कर्तव्यों में ईमानदारी बनाए रखने और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा की 'बॉब ग्रीन अर्थ ड्राइव' पहल भी जारी रही। इसके तहत 20 से 26 जनवरी तक राज्य भर में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत लगभग 600 पौधे लगाए गए।


online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

रामेश्वरम् धाम यात्रा

28 जनवरी से 06 फरवरी 2025, 04 फरवरी से 13 फरवरी 2025, 11 फरवरी से 20 फरवरी 2025, 18 फरवरी से 27 फरवरी 2025, 25 फरवरी से 06 मार्च 2025, 18 मार्च से 27 मार्च 2025, 25 मार्च से 03 अप्रैल 2025, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025, 06 मई से 15 मई 2025, 13 मई से 22 मई 2025, 20 मई से 29 मई 2025, 03 जून से 12 जून 2025,

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411



आवश्यकता है

हरिभूमि समाचार पत्र को रायपुर शहर में पार्ट टाईम डोर-टू-डोर कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का साधन हो तत्काल संपर्क करें।

पद - 20

योग्यता : 10वी, 12वीं, स्नातक

वेतन : 10000 +

Resume Whatsapp करें

9827555678, 8224868411

हरिभूमि कार्यालय

पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)





02

भौतिक सिद्धांत को समझाने पार्क में ....

## कैंपस इवेंट

# भोरमदेव और विष्णु मंदिर के कराए गए डॉक्यूमेंटेशन अभ्यास



**रायपुर।** संस्कृति विभाग संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय की ओर से महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में मध्य छत्तीसगढ़ के राज्य और केंद्र संरक्षित स्मारकों और उनके अनुरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। संचालनालय के उत्खनन सहायक डॉ. वृषोत्तम साहू और तकनीकी अधिकारी चेतन मनहरे ने रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में स्थित राज्य शासन द्वारा संरक्षित स्मारकों मंदिरों, विहारों और महापाषाणीय स्मारकों, उनकी स्थिति और इतिहास सहित वहां पर विभाग द्वारा कराए गए अनुरक्षण कार्य के बारे में विस्तार से बताया। भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण रायपुर मंडल के अधिकारी राहुल तिवारी ने प्राचीन मंदिरों और मूर्तियों के जीर्णोद्धार, रखरखाव और अनुरक्षण की विधियों को उदाहरण सहित चित्रों के साथ प्रदर्शित किया।

### कार्यशाला में शामिल हुए 70 प्रतिभागी

कार्यशाला के प्रभारी अधिकारी व उप संचालक डॉ. पीसी पारख ने बताया कि कार्यशाला में 40 स्नातक, 25 स्नातकोत्तर और 5 शोध अध्येता कुल 70 प्रतिभागी सीखने आए। इनमें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर, छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर, डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर, वीवायटी स्वशासी कॉलेज दुर्ग, कल्याण कॉलेज भिलाई, महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज महासमुंद, शासकीय महाविद्यालय महासमुंद, कलिंगा यूनिवर्सिटी नवा रायपुर, यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड, धमतरी और एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन यूनिवर्सिटी रायपुर के विद्यार्थी एवं शोधार्थी शामिल रहे।

## लाइव इवेंट

# शिक्षकों के प्रोफेशनल डेवलपमेंट पर कार्यशाला



**रायपुर।** दिशा कॉलेज द्वारा शिक्षकों की मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन मंगलवार को हुआ, इस अवसर पर शिक्षकों के प्रोफेशनल डेवलपमेंट पर चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. अनिल तिवारी ने कहा कि व्यक्तियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता की आवश्यकता है। उन्हें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेकर आत्मविश्वास बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। यह आयोजन महाविद्यालय परिसर के सभागार में आयोजित किया गया, जहां शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों की भी उपस्थित रही।

### क्षमता के अनुरूप कार्य करें

कार्यशाला के दौरान उपस्थित प्राध्यापकों ने प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लिया, जिन्होंने प्रोफेशनल डेवलपमेंट संबंधित सवाल पूछे। आयोजन के अंतिम दिन कविता पसारी और राहुल गर्ग भी शामिल हुए, जिन्होंने क्षमता के अनुरूप कार्य करने की बात कही। सबसे महत्वपूर्ण मानसिक और शारीरिक स्तर पर शरीर को स्वस्थ रखना है। अपनी बातों को दूसरों के समक्ष रखते वक्त पूर्ण आत्मविश्वास होना चाहिए, इससे लोग आपकी बातों को गंभीरता से सुनना पसंद करेंगे। ऐसे में सकारात्मक सोच नई ऊर्जा के साथ आपको नए काम करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## सिटी इवेंट

# जेसीआई की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ, पुरस्कार वितरण भी




**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में जेसीआई (जूनियर चैंबर इंटरनेशनल) रायपुर कैपिटल का शपथ ग्रहण व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सामुदायिक सेवा, नेतृत्व विकास और सामाजिक योगदान के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीनेट बोर्ड डायरेक्टर जेसीआई इंडिया राजेश अग्रवाल व सीए अमिताभ दुबे रहे, जिनके द्वारा नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और उत्कृष्ट कार्यों के लिए सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। इस विशेष अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा व सचिव जेसी कौशिक परमार ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही इस वर्ष के अध्यक्ष सिद्धार्थ मुकीम व सचिव गौरव कोटड़िया समेत अन्य पदाधिकारियों को कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई।

### सिल्वर जुबली वर्ष के लोगो का विमोचन

उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों में कोहिनूर अवॉर्ड अमितेश पाठक को, बेस्ट प्रोग्राम एचजीएफ हेमंत यादव को, उड़ान अवॉर्ड पीयूष चिमनानी को, आइडल लीडर अवॉर्ड तुलसी भाई पटेल को, न्यू विजन अवॉर्ड सिद्धार्थ मुकीम को, प्राइसलेस जेम अवॉर्ड मुकेश केडिया को, डेडीकेशन अवॉर्ड गौरव कोटड़िया को, सेफ्टी अवॉर्ड सुधीर अग्रवाल को व फ्रेंडशिप अवॉर्ड से प्रीतम जैन को नवाजा गया। इस दौरान संदीप थोरानी व जेसी चित चोपड़ा, श्रीकांत पारख, विक्रम गिराड़कर, यश साहू, विनीत गोहिल समेत अन्य सहभागी मौजूद रहे।

● पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में प्रस्तुति की श्रृंखला से सजा शासकीय आयुर्वेद कॉलेज का वार्षिकोत्सव

# देशभक्ति से ओतप्रोत रहा 'जलियांवाला बाग' का संवाद 'आयुर्पोस्ट' में दिखा राजस्थानी, संबलपुरी डांस का जलवा

'जाना है तो अभी चले जाओ, इसके बाद पीछे मुड़ने का रास्ता नहीं होगा। अगर तुममें से कोई भागा तो उसे मैं गोली मार दूंगा। खुदा न करे, अगर मेरे कदम लड़खड़ा जाएं तो तुममें से ही कोई मुझे गोली मार देना....इस संवाद ने मंगलवार को शहर के पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में दर्शकों को चंद्रशेखर आजाद के होने का एहसास कराया, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड के दौरान मौजूद जवानों में जोश भरने के लिए संवाद कर रहे थे। आयुर्वेद कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने 'आयुर्पोस्ट' में कई रंगों से सजाने का प्रयास किया।'

### स्पेक्ट्रम ऑफ टैलेंट थीम पर वार्षिकोत्सव




व्यास विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा 'स्पेक्ट्रम ऑफ टैलेंट' थीम पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि परसराम वोरा, गोपाल प्रसाद व्यास, मगनलाल अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंग गणेश वंदना के साथ किया गया, जिसके बाद संबलपुरी, आदिवासी, पंजाबी, गुजराती, छत्तीसगढ़ी, बंगाली गाने पर नर्सरी, पीपीवन-टू और बड़ी कक्षा के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। इस दौरान मां पर आधारित नृत्य-नाटिका का भी मंचन किया गया, इस दौरान विद्यार्थियों ने बच्चे और मां के भाव को दर्शाने का प्रयास किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अन्य विद्यार्थी भी अपने स्थानों पर झूमते नजर आए।

**रायपुर।** जलियांवाला बाग हत्याकांड पर नाटक का भी मंचन किया गया। इसमें आजादी के लिए देश के वीर जवानों के संघर्ष को दर्शाने का बेजोड़ प्रयास किया गया। इसमें भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु और चंद्रशेखर आजाद का किरदार कॉलेज के विद्यार्थियों ने बखूबी निभाया। अंग्रेजों से युद्ध में लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई, ऐसे जलियांवाला बाग का इतिहास के पन्नों में जिक्र है। नाटक में जलियावाला बाग हत्याकांड का दृश्य दर्शाया गया।






इसमें 20 कलाकारों ने 15 मिनट शानदार प्रस्तुति दी। इसमें भगत सिंह का किरदार निभा रहे पवन शुक्ला की मां का किरदार सुभाषिनी पांडे ने निभाया, जिसे देख लोग भावुक हो उठे। जलियांवाला बाग परिसर में खून देख रोते हुए मां कहती है कि अगर मैं इस जमीं का एक भी दाना खाऊं तो मैं अपने बच्चे का मांस खाऊंगी...यह दृश्य नाटक में आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं।



### नाटक में नशामुक्ति का संदेश

अगर कोई व्यक्ति नशामुक्ति के बाद सामान्य जीवन जीना चाहता है तो आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ ले सकता है...'शराब खराब है' नाटक में यह संदेश दिया गया। शराबी व्यक्ति और उसके परिवार की स्थिति किस तरह बिगड़ती है। जहां बच्ची पढ़ाई के लिए पिता से पैसे मांगती है, लेकिन बेटी की बात को नजरअंदाज कर पिता शराब के नशे में धुत नजर आता है। नाटक में व्यक्ति के जीवन को नशामुक्त बनाने के लिए आयुर्वेद को अपनाने की बात कही गई। इसमें महिला सशक्तिकरण का दृश्य भी देखने को मिला। जहां शराबी की बेटी आत्मरक्षा के लिए बदमाशों से लड़ जाती है और अपनी रक्षा स्वयं करने में सफल होती है।



### छत्तीसगढ़ी गीतों पर थिरके पांव

इस वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि आयुष विभाग छत्तीसगढ़ के संचालक इफ्फत आरा, सांस्कृतिक विभाग से प्रो. डॉ. अरूणा ओझा, डॉ. लवकेश मौजूद रहे। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ी, राजस्थानी, भरतनाट्यम, गरबा, सम्बलपुरी, पंजाबी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान ए गोरी ए गोरी वो..बस्तरिया गाना...रंगीलो मारो..राधा कैसे ना जले..उड़ी-उड़ी जाए...सुआ..गाने पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। अरे जा रे हट नटखट, ना छू रे मेरा घूंघट...गाने पर रासलीला का भी मंचन किया।

### अंग्रेजी गानों पर कथक की प्रस्तुति

*आई एम से ऑल द वड़्स इनसाइड माय हेड...अंग्रेजी के मशहूर सांग बिलीवर पर आकर्षक शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने बिलीवर सांग पर कथक की प्रस्तुति दी। मनमोहक प्रस्तुति दर्शकों में आकर्षण का केंद्र बनी रही। साथ ही नृत्य शुरू होने से अंत तक दर्शकों और विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया।*

जामगांव में यंत्र के आकार में निर्मित मां बगलामुखी महायज्ञ हवन कुंड

# 11 हजार किलो लाल मिर्च से विश्व कल्याण के लिए श्रद्धालु कर रहे हवन

**रायपुर।** मां मातंगी दिव्यधाम जामगांव में विश्व का पहला मां बगलामुखी यंत्र के आकार में निर्मित हवन कुंड है। इसमें 11 हजार किलो लाल मिर्च से हवन किया जा रहा है। मां मातंगी दिव्यधाम रायपुर से 50 किलोमीटर दूर अभनपुर के जामगांव में स्थित है। जहां 27 से 29 जनवरी तक विश्व कल्याण के लिए मां बगलामुखी का विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है। इस अनुष्ठान में देश के दूसरे राज्यों और शहरों समेत विदेशों से भी श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखने को मिल रही है। मां बगलामुखी का यह अनुष्ठान शत्रु बाधा, रोग निवारण, उन्नति के लिए किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए आसपास के श्रद्धालु तय समय पर शामिल होने के लिए हवन शुरू होने से पहले ही पहुंच रहे हैं। इनमें हर वर्ग के लोग रोज शामिल हो रहे हैं।



### पूजा, यज्ञ, अनुष्ठान होता है अधूरा

*इस महायज्ञ कुंड में मिर्च की आहुति दी जाती है। इसमे पीली सरसों, हल्दी और सूखी लाल मिर्च मुख्य रूप से मां बगलामुखी के पूजन और हवन में उपयोग की जाती है। इसके बिना मां बगलामुखी की पूजा, यज्ञ, अनुष्ठान को अधूरा माना जाता है। यह विशाल महायज्ञ इतिहास रचने जा रहा है। इसके लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड ने अधिकृत जानकारी जारी की है। मां मातंगी धाम के पीठाधीश्वर प्रेमा साईं महाराज ने बताया कि यह अनुष्ठान विश्व कल्याण के लिए किया जा रहा है। इसमें शामिल होने मात्र से व्यक्ति की सभी तरह की बाधाएं दूर होंगी और उसका कल्याण होगा।*

# मरीजों के कुशल इलाज के लिए किया रक्तदान

**रायपुर।** मॉडल ब्लड बैंक, पैथोलॉजी विभाग चिकित्सा महाविद्यालय, अग्रवाल सभा छत्तीसगढ़ और मानव सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। तेलीबांधा तालाब परिसर में लगाए गए शिविर में शहरवासियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जहां 110 युवाओं ने शिविर में सहभागिता दर्ज कराई। इस दौरान संस्थाओं द्वारा लाखेनगर चौक पर भी शिविर का आयोजन किया गया, जहां 34 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल ने कहा, रक्तदान शारीरिक रूप से सुरक्षित प्रक्रिया है। एक व्यक्ति के रक्तदान से ही लगभग 3-4 मरीजों की जान बचाई जा सकती है। ऐसे में रक्तदान शिविर में एकत्र रक्त जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए उपयोग किया जाएगा।



### युवाओं और महिलाओं की उपस्थिति

*शहर स्थित आंबेडकर अस्पताल में थैलेसीमिया, सिकलसेल, एनीमिया से ग्रसित सैकड़ों मरीजों का निरंतर इलाज किया जाता है। जिन्हें समय-समय पर रक्त की आवश्यकता होती है, ऐसे जरूरतमंद लोगों को रक्त से नया जीवनदान दिया जाएगा। ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अमित भारद्वाज ने बताया कि शिविर में युवाओं की उपस्थिति सबसे अधिक देखने को मिली। इसमें कई महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान शहर के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच कैंप भी लगाया गया, जहां लोगों का निशुल्क इलाज देर शाम तक किया गया है।*

कार्नर न्यूज

विद्यार्थी एक्सपर्ट की सलाह से दूर कर सकते हैं खामियां, इससे दूर होगी कमजोरी

# मानसिक एकाग्रता के लिए विद्यार्थी रोज 15-20 मिनट करें योग, विटामिन डी की कमी से उदासी-थकान

**रायपुर।** परीक्षा के दिनों में मानसिक तनाव का ग्राफ तेजी से बढ़ता है। इसका कारण अपनी क्षमता से भी ज्यादा काम करना है। पहले बारहवीं कक्षा के बाद युवा जेईई-नीट जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाते थे, लेकिन अब 15-16 साल के विद्यार्थी दोहरी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इसके चलते अब अभ्यार्थियों का मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की स्थिति बन रही है। इसके कारण क्रोध, एंजाइटी और डिप्रेशन हैं। शहर के मनोवैज्ञानिक ने तनाव होने के मुख्य कारण और उससे निपटने के उपाय भी साझा किया। उन्होंने बताया कि बोर्ड एग्जाम और जेईई-नीट जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी साथ करना सही नहीं है। ऐसे में विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा को प्राथमिकता नहीं दे पाते हैं। एक ही समय में दो परीक्षाओं की तैयारी करने से ध्यान एकाग्र नहीं रहता है। इससे विद्यार्थी धीरे-धीरे तनाव से घिर जाते हैं।





### विटामिन की कमी से बढ़ते विकार

मनोवैज्ञानिक मोनिका साहू ने बताया कि दो प्रकार के स्ट्रेस युवाओं में देखा जाता है। पहला ई-स्ट्रेस और दूसरा डी- स्ट्रेस होता है। डी- स्ट्रेस कम समय के लिए ही होता है। इसमें व्यक्ति कुछ समय के बाद ही शांति महसूस करता है। लेकिन, ई-स्ट्रेस लंबे समय तक बने रहने वाला स्ट्रेस होता है। जो सालों के फस्ट्रेशन, एंजाइटी और डिप्रेशन के बाद बनता है। बोर्ड परीक्षा के समय पहला टारगेट 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करना है। इसके बाद प्रतियोगी परीक्षा पर ध्यान दें। अभी यह देखा जाता है कि विटामिन डी की कमी से लोगों के मन में बदलाव आ रहा है। इससे उदासी, थकान, शरीर में कमजोरी की समस्या से जूझ रहे हैं।

### पढ़ाई करने का यह है सही तरीका



एक्सपर्ट ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दिनों में तनाव मुक्त रहने के लिए तीन बातों का ध्यान रखें। पहला सिलेबस, दूसरा समय सारणी और तीसरा स्क्रीन टाइम। परीक्षा के दौरान सिलेबस के अनुसार ही पढ़ाई करना शुरू करें, दूसरा सभी विषयों के अनुसार समय सारणी बनाकर तैयारी करें। पढ़ाई के समय स्क्रीन टाइम से बचें, लगभग 30-40 मिनट पढ़ाई करने के बाद 10 मिनट खुद को आराम देना जरूरी है।

### योग के तीन आसन भी कारगर

योग गुरु मुकेश सोनी ने बताया कि परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों में तीन गुणों का होना जरूरी है। पहला अपने काम के प्रति दृढ़ता, दूसरा परीक्षा में अच्छे परिणाम हासिल करने के लिए आत्मविश्वास, तीसरा परीक्षा संबंधी बिन्दुओं को को लंबे समय तक याद रखना है। इसके लिए प्रतिदिन तीन प्राणायाम को 15-20 मिनट विद्यार्थी जरूर करें। इसमें भ्रामरी, उज्जायी और भस्त्रिका प्राणायाम विद्यार्थी जीवन के लिए सबसे फायदेमंद हैं। बेहतर होगा कि पढ़ाई के बीच इन आसनों को करने का प्रयास जरूर करें।

समाज लाइव

# गुरु हरगोबिंद सिंह के शस्त्र और हस्तलिपि लेकर पहुंचा जत्था



**रायपुर।** अमर शहीद बाबा दीप सिंह के जन्मदिन की खुशी में कथा-कीर्तन करने माता कौला अमृतसर से भाई गुरकिरपाल सिंग अपने साथ सिख धर्म की ऐतिहासिक धरोहर लेकर रायपुर पहुंचे। इसकी जानकारी मिलने पर सिख समाजजन दर्शन के लिए पहुंचे। गुरु हरगोबिंद सिंह की कृपाण, कमंडल, गुरुगोबिंद सिंह के हाथों से फारसी में हस्ताक्षर सहित हुकुमनामा प्रमुख रहा। जत्था साध-संगत के दर्शन के लिए राजा रणजीत सिंह के समय के पुरातन सिक्के लेकर गुरुद्वारा स्टेशन रोड रायपुर पहुंचा। इसके दर्शन के लिए समाज के लोग भी पहुंचे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि अमृतसर रागी जत्थे के साथ सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह की सेवा करने वाले रूपचंद की 12वीं पीढ़ी के वंशज भाई जसकरण सिंह स्वयं भी आए थे।

## चार मजबूत बैलगाड़ी, कुछ शस्त्र

उन्होंने कहा कि इतिहास बताता है कि गुरु गोविंद सिंह ने अपने सेवक रूपचंद के नाम एक हुकुमनामा जारी किया था। इसमें उन्होंने 4 मजबूत बैलगाड़ी, कुछ शस्त्र और जवान युद्ध में भेजने के लिए कहा था। मंगलवार को माता कौला साहेब अमृतसर से पहुंचे भाई गुरकिरपाल सिंह और उनके जत्थे के साथ भाई जसकरण सिंह को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख ग्रंथी दया सिंह, इंदरजीत सिह छाबड़ा, गुरमीत सिंह गुरदत्ता, तेजिंदर सिह होरा, मंजीत सिंह सलूजा ने उनका स्वागत किया। भाई निरजंन सिंह खनूजा, सतेंदर सिह सलूजा ने बताया कि इससे हमें गुरुओं के बारे में नई जानकारी भी मिली।

धर्म लाइव

# महाकुंभ कैंप में गणेश स्थापना, नवग्रह षोडश मातृका चौंसठ योगिनी पूजा

**रायपुर।** प्रयागराज महाकुंभ में इस बार छत्तीसगढ़ की राजधानी में स्थित श्री सुरेश्वर महादेवपीठ और ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन ट्रस्ट द्वारा कैंप लगाया गया है। इस महाकुंभ के कैंप में प्रथम पूज्य गणेश भगवान की स्थापना, नवग्रह षोडश मातृका 64 योगिनी क्षेत्रपाल वास्तु सर्वतो भद्र मंडल कलश देवता की पूजा की गई। व्यवस्थापक जगतगुरु स्वामी रिशिपाल आनंद ने सभी विधान कार्य को देखा व डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद के नेतृत्व में पूजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ सहित अलग-अलग राज्यों, शहरों से आए लोग भी शामिल हुए। श्री सुरेश्वर महादेवपीठ के संस्थापक ने कहा, छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ के संतों द्वारा प्रथम कैंप प्रयागराज में लगाया गया है। इसमें प्रदेश के दर्शनार्थी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।



## भजन-कीर्तन के साथ भोग प्रसादी

इस कैंप में छत्तीसगढ़ से 3000 भक्तों का आगमन हुआ। संगठन के प्रमुख डॉ. सुरेशचंद्र कौशिक, ऋषि शर्मा, नवीन अग्रवाल, विकास पार्क, वेदांत अग्रवाल के साथ कनिका अग्रवाल ने पूजन व्यवस्था संभाली। जगह की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई है। जहां भोजन प्रसाद की कमान नीता अग्रवाल, अर्चना, नेहा शर्मा, शुभम शर्मा, प्रियंका शर्मा संभाल रही हैं। सभी लोग 108 दंडी स्वामियों को बैठाकर भोजन करा रहे हैं। संध्याकालीन इस क्रम में भजन भी भक्तों द्वारा किया जा रहा है। जानकी प्रसाद धमतरी वाले इस्कॉन मंदिर के कृष्ण पंडित के साथ सी. पांडे ने नया मंत्र विधान किया। इसके बाद हवन के लिए वेदी सजाई गई। इसमें सभी संतों ने आहुति दी।

आराधना

# सात दिवसीय धार्मिक यात्रा में द्वारका-सोमनाथ धाम के दर्शन



**रायपुर।** इस्कॉन मंदिर के प्रमुख सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए सात दिवसीय धार्मिक यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान श्री द्वारका धाम, सोमनाथ धाम के विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस यात्रा में 150 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए, इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की उपस्थिति देखने को मिली। टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर के प्रबंधक सिद्धार्थ स्वामी महाराज और एचजी सुलोचन कृष्ण दास के मार्गदर्शन में यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें द्वारकाधीश मंदिर, रुक्मिणी विवाह मंदिर, बेट द्वारिका, गोपी तालाब, भालका तीर्थ, पांडव कुआं एवं सोमनाथ, नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर के दर्शन कराए गए। यात्रा के दौरान श्रद्धालु श्रीकृष्ण व राधारानी के भजनों पर झूमते-गाते रहे।

## महाकुंभ में इस्कॉन ने की महाप्रसादी सेवा

प्रयागराज महाकुंभ में द्वारका इस्कॉन मंदिर द्वारा 'महाप्रसादी सेवा' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रायपुर स्थित इस्कॉन मंदिर केंद्र से 35 और दुर्ग से लगभग 30 श्रद्धालुओं की टीम प्रयागराज पहुंची। केंद्र से भोला साहू ने बताया कि सुबह 7 बजे से देर रात तक महाप्रसादी वितरण का कार्य निरंतर जारी रहता है। अब तक 6 करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाप्रसादी ग्रहण कर चुके हैं, ऐसे में रोजाना लाखों लोगों के भोजन की व्यवस्था की जाती है।

● शहर के साइंस सेंटर में अनजान लोगों को भी मिल रही प्रदेश की कला-संस्कृति की सीख

# भौतिक सिद्धांत को समझाने पार्क में झूले, बिना पेन-कॉपी विद्यार्थी खेल-खेल में समझ रहे रहस्य

'शहर में एक ऐसा सेंटर है, जहां स्कूली बच्चों को बिना पेन-कॉपी पर लिखे-पढ़े ही खेल-खेल में भौतिक विज्ञान के नियम और सिद्धांत की सीख मिल रही है और इससे समझ बढ़ रही हैं। ऐसे नियम-सिद्धांत, जिन्हें हर किताब में भारी-भरकम भाषा का प्रयोग कर लिखा जाता है। ऐसे रहस्य, जिसे कुछ लोग जादूगरी के माध्यम से दिखाते हैं। वह कैसे संभव होता है, इसे विद्यार्थियों और छोटी क्लास के बच्चों को समझाने स्कूल प्रबंधन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण कराते हैं।'



### पार्क में खेलते हुए बच्चे समझते हैं विज्ञान

*परिसर में एक पार्क है, जहां पर भौतिक विज्ञान के नियम और सिद्धांत को समझाने वाले झूले बनाए गए हैं। इसमें बच्चे खेल-खेल में झूला झूलते हुए गोलक संरचना, बकीबॉल आरोही, प्रायिकता फनल, वार्तानली, विशालकाय यो-यो की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अध्यापक जो उन्हें कक्षाओं में नियम-सिद्धांत पढ़ाते हैं, शैक्षणिक भ्रमण में समझने का अवसर मिलता है। वैज्ञानिक व प्रभारी परियोजना संचालक डॉ. शिरीष कुमार सिंह बताते हैं, जैव प्रौद्योगिकी, विद्युत यांत्रिकी, रसायन शास्त्र, मैकेनिकल और पर्यावरण विज्ञान के 5 वैज्ञानिक हैं। वहीं कारपेंटरी, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स व फिटर के 6 टेक्निशियन और दो जेआरएफ (गाइड) हैं।*

### जादूगर के हाथ की सफाई नहीं सिद्धांत

साइंस फन गैलरी में भौतिक विज्ञान के सिद्धांतों को मजाकिया लहजे से समझाया गया है। छोटे बच्चों व विद्यार्थियों को लगता है कि जादूगर हाथ की सफाई से मैजिक दिखाता है, लेकिन असल में वह भौतिक विज्ञान के सिद्धांतों का चुपके से उपयोग करता है। साइंस सेंटर की गैलरी यही बताती है। इसमें रिंग भ्रम, घूमते हुए छल्ले जो एक नजर में देखने से ऐसे दिखाई देते है, जैसे वे एक-दूसरे के ऊपर झूम रहे हैं। जादुई पानी का नल से विज्ञान का कमाल है। इसे देखकर लगता है कि बिना किसी स्त्रोत के पानी कहां से आ रहा है, काफी देर ध्यान से देखने पर पता चलता है। जहां से पानी गिर रहा, वहीं पर एक पारदर्शी पाइप लगा है, जिससे जल ऊपर जा रहा है। इस गैलरी में बहुत से ऐसे हैरान करने वाले साइंस के कमाल हैं।



**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित साइंस सेंटर में भौतिक विज्ञान के सिद्धांतों को समझने विद्यार्थी परीक्षा पास आते ही पहुंच रहे हैं। महानिदेशक डॉ. एस. कर्मकार ने बताया कि सेंटर में तीन गैलरी हैं। इनमें छत्तीसगढ़ के संसाधन, मापन दीर्घा और फन साइंस शामिल हैं। इसमें हर दिन तारामंडल व थ्रीडी शो होते हैं। परिसर में प्रवेश करते ही विज्ञान पार्क है। इसमें संस्थान बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए लाते हैं।



सेंटर सबके लिए है, इसमें 5 वर्ष आयु वालों निशुल्क, बच्चों के लिए 5 व बड़ों के लिए 10 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित है। हर महीने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी संबंधी 3 से 4 कार्यशालाएं की जाती हैं। गर्मियों में तीन महीने के लिए समर कैंप भी करते हैं। इसमें सीमित 50 बच्चों को ही लिया जाता है। साथ ही कार्यशाला में आईआईटी, एनआईटी जैसे संस्थानों के विद्यार्थी भी शामिल होते हैं।

### संसाधन गैलरी में प्रदेश की कला-संस्कृति

जिन लोगों को प्रदेश की कला, संस्कृति व भौगोलिक जानकारी लेनी हो, उनके लिए साइंस सेंटर की छत्तीसगढ़ गैलरी बहुत उपयोगी होगी। इसमें पक्षियों में मोर, बुलबुल, उल्लू, सफेद गिद्ध, राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना, तोता, नीलकंठ और एशियाई कोयल की ध्वनि टेलीफोन के रिसीवर से सुन सकते हैं। इसी तरह पशुओं में बाघ, हिरण, राजकीय पशु वनभैंसा, तेंदुआ, लंगूर, भालू, गीदड़ व हायना की आवाज सुन सकते हैं। प्रदेश के जंगलों में रहने वाले पशुओं के बारे में जान सकते हैं। पर्यटन स्थलों में शामिल झरने व मंदिरों के बारे में भी जानने विद्यार्थी पहुंचते हैं। फिल्मों में कैसे ग्रीन बैंकग्राउड का उपयोग करके पहाड़, समुद्र दिखाते हैं, इसका भी अनुभव ले सकते हैं। बस्तर की कला व संस्कृति, भिलाई स्टील प्लांट, बाल्को एल्युमिनियम इंडस्ट्रीज की रोचक जानकारी लेने लोग भी पहुंचते हैं।

### मापन दीर्घा में हर तरह के मेजरमेंट खास

एक गैलरी ऐसी हैं जहां हर तरह के मापन को जान सकते हैं। इसमें समुद्र की गहराई से लेकर ब्रह्माण्ड मापन भी शामिल है। यह दीर्घा खुद में एक अलग तरह की दुनिया को समेटे हुए है। यहां ऊर्जा व ध्वनि मापन, हवा की गति और वर्षा मापन, कंपनी की आर्थिक दशा का मापन, भारतीय मानक ब्यूरो व उसके मापन का बोध कराता है। इसके अलावा भूमिगत जल मापन, पत्थर मापन, सूक्ष्मदर्शी मापन, ऊंचाई व घिसाव का मापन, तापीय विकरण और हवा के दबाव का मापन, निर्वात में प्रकाश की गति के मापन को भी जान सकते हैं। पुरातन मापन पद्धति को तस्वीर और स्क्रीन्स के माध्यम से भी लोग जान सकते हैं।

# मौनी अमावस्या पर सूर्योदय से पहले मां गंगा और अन्य नदियों में लगाएं आस्था की डुबकी

## खारुन नदी में स्नान करने इस बार भी पहुंचेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**माघ अमावस्या तिथि पर मौन साधना करना लाभदायक माना जाता है। इस कारण इसे मौनी अमावस्या भी कहा जाता है। इस साल यह अमावस्या बुधवार 29 जनवरी को मनाई जाएगी। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि हिंदी पंचांग के तहत माघ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मौनी अमावस्या के नाम से जाना जाता है। इसे त्रिवेणी अमावस्या भी जाना जाता है। इस दिन त्रिवेणी संगम या पवित्र नदियों में स्नान करने का खास महत्व है।**



**रायपुर।** इस दिन मौन रहते हुए गंगा में स्नान का विधान करना चाहिए। वेदों और उपनिषदों में मौन को ब्रह्मचर्य, सत्य व संयम के साथ जोड़कर देखा जाता है। वैदिक काल में ऋषि-मुनि मौन रहने को तपस्या का एक अनिवार्य अंग मानते थे। उनका विश्वास था कि मौन रहने से मन स्थिर होता है और वैचारिक उथल-पुथल से शांति मिलती है।

### पितरों के लिए दीपक जलाएं

*धार्मिक मान्यता है कि मौनी अमावस्या के दिन पितर पृथ्वी पर आते हैं। इस दिन वे अपने वंशजों से तर्पण और दान की अपेक्षा करते हैं। इससे उनकी आत्मा को शांति मिलती है। शाम को जब भी पितर अपने लोक लौटते हैं तो उनके मार्ग को रोशन करने के लिए दीपक जलाए जाते हैं। ऐसा विधान करने से पितर संतुष्ट होकर आशीर्वाद प्रदान करते हैं। अमावस्या के दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा करें और इसके बाद श्रद्धापूर्वक काले तिल का दान करें। ऐसा करने से मृत्यु के बाद बैकुंठ में स्थान मिलता है।*

### ऐसा काम न करें, जिससे पितरों को कष्ट पहुंचे

*पौराणिक मान्यता है कि महाकुंभ में अमृत स्नान के समय जो भी श्रद्धालु गंगा और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करते हैं, उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही परिवार में सुख-समृद्धि आती है, इसलिए भी महाकुंभ में अमृत स्नान का महत्व है। अमावस्या के दिन वह काम नहीं करना चाहिए, जिससे पितरों को कष्ट पहुंचे। ऐसे में आपकी सारी मेहनत और तपस्या व्यर्थ हो जाती है। इस दिन नाखून, बाल नहीं कटवाने चाहिए, मुंडन भी नहीं कराना चाहिए। साथ ही मदिरा और मांस का सेवन नहीं करना चाहिए। सात्विक भोजन कर ईश्वर में ध्यान लगाना चाहिए। झूठ बोलने और किसी से झगड़ा करने से भी परहेज रखनी चाहिए।*

# आपसी लगाव बढ़ाने में कारगर चैटबॉट इंटरैक्शन




**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) ने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), भोपाल के सहयोग से कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम ऑन आउटकम बेस्ड एजुकेशन विषय पर आधारित कार्यशाला आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के बीच परिणाम-आधारित शिक्षा प्रैक्टिसेस की समझ और कार्यान्वयन को बढ़ावा देना रहा। इसमें मुख्य अतिथि डीन (अकादमिक) डॉ. श्रीश वर्मा, डीन (एफ डब्ल्यू) डॉ. देबाशीष सान्याल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. शुभाशीष सान्याल भी शामिल हुए। एनआईटीटीटीआर भोपाल के डॉ. बद्रीलाल गुप्ता और डॉ. हुसैन जीवाखान ने विशेष अतिथि और एक्सपर्ट लेक्चर के रूप में शिरकत की। कार्यशाला में एनईपी 2020 और एनबीए दिशा-निर्देशों पर आधारित चर्चा की गई। डॉ. एस. सान्याल ने प्रभावी शिक्षण सीखने और मूल्यांकन प्रथाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखने और संगठित रिकॉर्ड रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. वर्मा ने कहा कि आपसी जुड़ाव में चैटबॉट इंटरैक्शन कारगर साबित हो सकता है। इस कार्यशाला एनआईटी और बीआईटी के 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

शहर की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर वर्ग पर मोबाइल का असर, बचाव के लिए एक्सपर्ट की सलाह

# मोबाइल लोगों की लत बिगाड़ने के साथ ही स्वभाव में भी ला रहा रूखापन, इससे दूरी बनाना ही बचाव


कार्नर न्यूज

**रायपुर।** आधुनिक जीवनशैली और दौड़-भाग भरी जिंदगी में हर वर्ग के लोगों को मोबाइल की लत लग चुकी है। एडिक्शन अब बड़ी समस्या बनकर सामने आ रही है। इसकी बानगी सड़क पर पैदल चलते, बाइक और कार सवार, भोजन करते समय भी दिखती है। मोबाइल चलाना युवाओं की आदतों में शुमार हो गया है। मोबाइल की लत का असर मानसिक स्वास्थ पर पड़ने लगा है। मेकाहारा की क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. प्रीति सिंह ने बताया कि मोबाइल एडिक्शन के कई कारण हैं। इसके प्रकार ही नहीं, इससे होने वाले नुकसान और बचाव के तरीके भी अलग हैं। मनोरोग विभागाध्यक्ष के डॉ. मनोज साहू ने बताया कि मोबाइल एडिक्शन के प्रभाव से स्वभाव में रूखापन, अकेले रहना, लोगों से बात करने में डरना, साथ ही लिखने-पढ़ने में परेशानी होती है।





### सीरीज प्लेटफॉर्म, चैटिंग मूल वजह



मोबाइल एडिक्शन कई तरह से सामने आ रहे हैं। इनमें ऑनलाइन गेम्स, वेब शो या सीरीज प्लेटफॉर्म, चैटिंग और ख्याति या पहचान पाने की ललक को मूल कारण माना जा रहा है। इसके कारणों पर बात करने पर डॉ. प्रीति बताती हैं कि इसमें मोबाइल से पैसे कमाने की चाह, बेटिंग एप व यूट्यूब आदि शामिल हैं। बहुत से ऐसे व्यक्ति, जिन्हें वास्तविक दुनिया में लोगों से बात करने में परेशानी होती है। ऐसे लोग चैटिंग एप का इस्तेमाल करते हुए लोगों से जुड़ने की कोशिश करते-करते एडिक्शन हो जाते हैं। इस वजह से उनके जीवन में कई तरह की समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

### 30 प्रतिशत युवा इस लत का शिकार

लत के प्रभाव में चोरी, मारपीट व नशे की ओर बढ़ना स्वभाविक होता है। इसकी वजह से चश्मे का पॉवर बढ़ता है और सिर में हमेशा दर्द बना रहता है। मोबाइल की लत लोगों को डिप्रेशन व एंग्जाइटी का कारण बनने लगी है। वहीं ज्यादा स्क्रीन टाइम से माइग्रेन भी होता है। डॉ. मनोज साहू ने बताया कि प्रति 10 में 3 से 4 व्यक्ति मोबाइल एडिक्ट हैं। इनमें 13 से 35 आयुवर्ग के युवा करीब 30 प्रतिशत प्रभावित हैं। शुरू में लोग डॉक्टर के पास नहीं जाते और जब परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है, तब वे मनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिक की सलाह लेते हैं।

### नोटिफिकेशन अलार्म करें ऑफ

डॉ. प्रीति ने बताया कि ऐसी स्थिति में असल जीवन में एडिक्ट व्यक्ति की उपलब्धि कम होती जाती है। साथ ही उसे बहुत सी मनोवैज्ञानिक समस्याएं होने लगती हैं। एकाग्रता की कमी, ज्यादा गुस्सा आना, लगातार दुखी महसूस करना, भूलने की प्रवृत्ति का बढ़ते जाना। बचाव पर बात करते हुए बताया कि छोटे बच्चों को मोबाइल चलाने के लिए न दें। स्कूल, कॉलेज और जॉब करने वाले सभी लोग नोटिफिकेशन अलार्म को ऑफ करके रखें। समय निर्धारित कर मोबाइल चलाएं। पर्सनल समय में मोबाइल को खुद से दूर रखें।

## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर स्टेट सब जूनियर एवं कैडेट राष्ट्रीय टेटे के लिए छत्तीसगढ़ टीम घोषित



**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संघ द्वारा इंदौर (मध्य प्रदेश) में 30 जनवरी से 07 फरवरी 2025 तक 86वीं इंटर स्टेट सब जूनियर एवं कैडेट राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें 30 जनवरी से 2 फरवरी तक होप्स (अंडर-11) बालिका एकल, कैडेट (अंडर-13) बालिका एकल/युगल वर्ग एवं सब जूनियर (अंडर-15) बालिका टीम/एकल/युगल वर्ग तथा 4 फरवरी से 7 फरवरी तक होप्स (अंडर-11) बालक एकल, कैडेट (अंडर-13) बालक एकल/युगल वर्ग एवं सब जूनियर (अंडर-15) बालक टीम/एकल/युगल वर्ग की प्रतियोगिता होगी। उक्त प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के होप्स, कैडेट एवं सब जूनियर (बालक एवं बालिका) टीम की घोषणा की गयी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य कि होप्स, कैडेट एवं सब जुनियर बालिका टीम मंगलवार को रवाना हुयी तथा होप्स, कैडेट एवं सब जूनियर बालक टीम दिनाक 02 फरवरी को रवाना होगी। टीम के कोच एम. रविराज (दुर्ग) एवं मैनेजर श्रीमती अपर्णा पांडे (रायपुर) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए अजीत बेनर्जी (रायपुर), आकाश श्रीवास्तव (बिलासपुर), प्रिया चावड़ा (रायपुर) एवं नागेश्वर साहू (रायपुर) को चुना गया है। टीम में सब जूनियर बालिका (अंडर-15) :- आहना सिंह (रायपुर), समाया पांडे (रायपुर), तिशा हरडेल (दुर्ग), सिया मेघानी (बिलासपुर), कैडेट बालिका (अंडर-13):- समाया पांडे (रायपुर), लावण्या पांडे (रायपुर), वेदी कच्छवाहा (रायपुर), अक्षिता बीनू (बिलासपुर), होप्स बालिका (अंडर-11):- अक्षिता बीनू (बिलासपुर), आरुषी मढ़रिया (दुर्ग), सब जूनियर बालक (अंडर-15) :-आर्यन कुमार सिंह (रायपुर), दीक्षांत कुमार जांगड़े (बिलासपुर), श्रेष्ठ मिश्रा (रायपुर), तेजस जादवानी (रायपुर) कैडेट बालक (अंडर-13) :- दीक्षांत कुमार जांगड़े (बिलासपुर), कवीश काला (रायपुर), राजदीप गांगुली (बिलासपुर), शिखर बागड़े (दुर्ग), होप्स बालक (अंडर-11):- अथर्व साहू (दुर्ग), तुषार सोना (दुर्ग) शामिल हैं। इस अवसर पर पदाधिकारी विनय बैसवाड़े, प्रदीप जोशी और रजनीश ओबेराय सहित सभी पदाधिकारियो ने टीम को शुभकामनाए दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी।

### रामकिशोर सारडा मेमोरियल अंडर 15 द्वितीय फुटबॉल टूर्नामेन्ट शुरू

**रायपुर।** आर. के सारडा विद्या आश्रम रायपुर में



श्री रामकिशोर सारडा मेमोरियल अंडर-15 चार दिवसीय फुटवॉल टूर्नामेन्ट का शुभारम्भ मंगलवार को हुआ। जिसमें छः टीमो ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुश्ताक अली प्रधान, प्रियंका फूटान व प्रधानाचार्य अमरकांत मिश्र ने समेकित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर खेल का शुभारम्भ किया। इसीके साथ पहला मैच डीपीएस रायपुर व जीडी गोयनका इन्टरनेशनल स्कूल, दूसरा मैच एमएम इन्टरनेशनल स्कूल व ब्राइटन इन्टरनेशनल स्कूल और तीसरा मैच आरडी तिवारी स्कूल व भवंस आर.के. सारडा विद्या मंदिर बी टीम के बीच खेला गया, जिसमें क्रमशः डीपीएस रायपुर 9-0, एमएम इन्टरनेशनल स्कूल 2-1 व आरडी तिवारी स्कूल 7-0 की टीम विजयी रहीं। प्रतियोगिता के आगामी मैच 29 , 30 व31 जनवरी को खेले जाएँगे।

### एसपीएसबी क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए बीएसपी क्रिकेट टीम हेतु चयन आज

**भिलाई।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा बोकारो में 11 से



15 फरवरी 2025 तक एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बीएसपी क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस, भिलाई में 29 जनवरी 2025 को दोपहर 2:30 बजे से बीएसपी टीम के चयन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गई है। भिलाई इस्पात संयंत्र के पुरुष कार्मिक, उनके वार्ड एवं भिलाई नगर परिधीय क्षेत्र के बेरोजगार युवा खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। अतः जिन खिलाड़ियों को चयन स्पर्धा में भाग लेना है, वे अपना पंजीयन 29 जनवरी 2025 को दोपहर 2:00 बजे तक उपरोक्त मैदान में चयनकर्ताओं देवेश बनर्जी और व्ही मोहन दास के पास करा सकते हैं। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी उप प्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं) अभिजीत भौमिक होंगे।

## महिलाओं की सेहत में संतुलित आहार का महत्वपूर्ण योगदान

# महिलाओं के आहार में जरूर होने चाहिए तीन पोषक तत्व, कई बीमारियों से मिलेगी पूरी सुरक्षा

महिलाओं की अच्छी सेहत के लिए संतुलित आहार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सही और पौष्टिक आहार न केवल ऊर्जा प्रदान करते हैं बल्कि महिलाओं को उनके विभिन्न जीवन चरणों (जैसे मासिक धर्म, गर्भावस्था, स्तनपान और रजोनिवृत्ति) के दौरान बीमारियों से बचाए रखने में भी मदद करते हैं।

अच्छी सेहत के लिए स्वस्थ और पौष्टिक आहार का सेवन बहुत आवश्यक माना जाता है। जब बात महिलाओं के सेहत की हो तो ये और भी आवश्यक हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, महिलाओं में मासिक धर्म चक्र आदि के कारण आयरन की कमी और एनिमिया का खतरा अधिक रहता है। इसके अलावा हार्मोनल परिवर्तन के कारण हड्डियों, डायबिटीज और हृदय स्वास्थ्य की समस्याएं भी अधिक देखी जाती हैं। इन सभी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए कम उम्र से ही खान-पान में सुधार करना बहुत आवश्यक हो जाता है।

महिलाओं की अच्छी सेहत के लिए संतुलित आहार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सही और पौष्टिक आहार न केवल ऊर्जा प्रदान करते हैं बल्कि महिलाओं को उनके विभिन्न जीवन चरणों (जैसे मासिक धर्म, गर्भावस्था, स्तनपान और रजोनिवृत्ति) के दौरान बीमारियों से बचाए रखने में भी मदद करते हैं। महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए कुछ खास विटामिन्स, खनिजों और पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है।



### अच्छी सेहत के लिए खान-पान रखें ठीक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, महिलाओं को अपने आहार में पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए जिससे शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को ठीक रखा जा सके। अच्छी सेहत के लिए पौष्टिक आहार के सेवन के साथ नियमित व्यायाम और पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना भी जरूरी है। 20 की उम्र से ही दैनिक आहार में कुछ पोषक तत्वों को जरूर शामिल करें। आइए जानते हैं कि आपकी अच्छी सेहत के लिए कौन-कौन से पोषक तत्व सबसे जरूरी हैं। कैल्शियम आपकी हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। खासकर, रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में हड्डियों का घनत्व कम होने लग जाता है।

### एनीमिया से बचने के लिए जरूरी है आयरन

आयरन महिलाओं के लिए खासतौर पर जरूरी है क्योंकि मासिक धर्म के दौरान शरीर में आयरन की कमी हो सकती है। आयरन की कमी से एनीमिया होने का खतरा रहता है। आयरन हमारे शरीर में हीमोग्लोबिन बनाने में मदद करता है जिसकी मदद से सभी अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचता है। जिन लोगों में आयरन की कमी होती है उन्हें थकान और कमजोरी सहित कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।



आयरन की कमी को दूर करने के लिए हरी सब्जियां (जैसे ब्रोकली, पालक), अनार, चुकंदर और सेब जैसे फल, मांस और मछली के साथ नट्स का सेवन करें।

### फोलिक एसिड बहुत जरूरी

फोलिक एसिड गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भ्रूण के विकास और न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट्स को रोकने में मदद करता है। फोलिक एसिड नए रक्त कोशिकाओं का निर्माण भी करता है। ये बच्चे में मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के विकास के लिए जरूरी है। महिलाओं में हार्मोनल संतुलन बनाए रखने और कमजोरी दूर करने के लिए ये पोषक तत्व महत्वपूर्ण है। फोलिक एसिड प्राप्त करने के लिए संतरे, केले जैसे फल और हरी पत्तेदार सब्जियां खाएं। दालें और बीन्स के साथ अंडे और मछली को भी आहार का हिस्सा जरूर बनाएं। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं को रोजाना 1,000 से 1,200 मिलीग्राम कैल्शियम की आवश्यकता होती है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कहता है कि 30% से अधिक महिलाओं में आयरन की कमी पाई जाती है।



# मसल्स वाली बॉडी बनाना मुश्किल नहीं, बस ठान लीजिए

जिम जाकर खुद को फिट और बॉडी को बेहतरीन शेप देने की कोशिश कर रहे पुरुष सिर्फ हां में ही जवाब देंगे। लेकिन कितने पुरुषों को इसका सही तरीका पता है? हो सकता है सबको सही तरीका पता हो, लेकिन इसके साथ किन गलतियों को करने से बचना है, वो न पता हो। जी हां अक्सर पुरुष मसल्स ग्रोथ करने की कोशिश में कुछ गलतियां कर बैठते हैं। ये वो गलतियां हैं जो आपकी घंटों की मेहनत को बेकार कर देती हैं। ये आपके मसल्स ग्रोथ को बेहतर होने ही नहीं देती हैं। हो सकता है आप भी जिम में पसीना बहाते हुए ऐसी ही गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों को पहचान लीजिए और मसल्स ग्रोथ को बढ़ा लीजिए।

### लिफ्ट हों धीमे-धीमे

अक्सर कई पुरुष सोचते हैं कि बड़े मसल्स के लिए आपको भारी वजन जल्दी-जल्दी उठाना जरूरी होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। आप भारी वजन उठाइए लेकिन धीरे-धीरे। दरअसल धीरे-धीरे किए गए रैप्स के साथ किसी खास मसल्स पर फोकस करना आसान हो जाता है। धीमे रैप्स के साथ मसल्स को उनके मोशन के फुल रेंज तक ले जाया जा सकता है। इसके साथ ग्रोथ और बेहतर और एक सी होती है

### भारी वजन के ज्यादा रैप्स



याद रखिए, आप अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ानी है तो भरी वजन उठाने के साथ इसके रैप्स भी ज्यादा करने की कोशिश करनी होगी। सुनिश्चित करें कि आप सही फॉर्म में वजन उठाएं। अगर आपको लग रहा है कि आप एक्सरसाइज का मोशन पूरा नहीं कर पाएंगे तो हल्का वजन ही उठाएं लेकिन एक्सरसाइज पूरी करें।

लेकिन ये बात भी सही है कि ज्यादा वजन उठाने पर रैप्स ज्यादा नहीं हो पाते हैं। हालांकि आप भारी वजन के साथ 8 से 10 रैप्स ले सकते हैं। इसलिए इतना करने की तो कोशिश करें हीं।

### रिकवरी है जरूरी



याद रखिए, मसल्स ग्रोथ तब नहीं होती है जब आप जिम में मेहनत कर रहे होते हैं बल्कि ये तब होती है, जब मसल्स आराम कर रही होती हैं। किसी खास मसल्स ग्रुप की एक्सरसाइज करने के बाद इसे कम से कम 48 घंटे का आराम मिलना चाहिए। तब ये आसानी से रिकवर और ग्रो कर पाती हैं। इसके लिए टाइम टेबल बनाएं, जिसमें किसी खास मसल्स ग्रुप के लिए अलग-अलग दिन निश्चित किए गए हों। जैसे आपने सोमवार को लेग डे सुनिश्चित किया है तो अगली बार ये एक्सरसाइज गुरुवार को ही करें।

### एक ही मोशन की आदत है गलत

आपकी मसल्स को अगर एक ही तरह की एक्सरसाइज कराई जाती रहेगी तो इसको इसकी आदत पड़ जाएगी। इस आदत के चलते मसल्स ग्रोथ कम होने लगेगी। इसलिए जरूरी है कि आप मशीनों में हर कुछ दिन में बदलाव करते रहें। या फिर रैप्स की स्पीड और संख्या में भी बदलाव किए जा सकते हैं। कार्डियो एक्सरसाइज जरूरी तो हैं लेकिन इनको सीमा से ज्यादा कर लेना भी सही नहीं है।

# बगैर तंदूर के भी बनाई जा सकती है नान और तमाम व्यंजन, ये जुगाड़ आएगा काम



अगर आप तंदूरी खाने के शौकीन हैं, तो हम आपके लिए ऐसा जुगाड़ लेकर आए हैं जिनकी मदद से घर पर परफेक्ट तंदूर तैयार किया जा सकता है। बस आपको हमारे बताए गए स्टेप्स को फॉलो करना होगा।

घर पर तंदूरी खाना तो आपने खूब ऑर्डर करके खाया होगा। यकीनन बाहर भी आप तंदूरी फूड ऑर्डर करके खाते होंगे, लेकिन क्या आपने कभी घर में तंदूर बनाया है? अगर नहीं, तो एक बार जरूर बनाएं क्योंकि अब इसके लिए आपको तंदूर खरीदने की कोई जरूरत नहीं है और न ही आवन खरीदने की जरूरत है। जी हां, हम आपके लिए ऐसा जुगाड़ लेकर आए हैं, जिनकी मदद से न सिर्फ तंदूर तैयार कर सकते है बल्कि इसमें स्वादिष्ट व्यंजन भी बना सकता है। हालांकि, आपको घर के बने तंदूर का खाना बनाने में एक बात खास ध्यान देने वाली होती है कि खाना लकड़ी मैं पकाया जा रहा है या फिर कोयले में।

वैसे तो बेहतर होगा कि आप लकड़ी का इस्तेमाल करें, इससे खाने का अलग ही स्वाद आता है। तो देर किस बात की आइए विस्तार से जानते हैं कि आप कैसे घर पर होममेड तंदूर तैयार कर सकते हैं।

### घर पर कैसे बनाएं तंदूर?

वैसे तो आप लकड़ी और मिट्टी दोनों तरीके से तंदूर तैयार कर सकते हैं। हालांकि, इन दोनों ही तंदूर को बनाने के लिए काफी मेहनत की जरूरत होती है। वैसे तो हमारा जुगाड़ ऐसा है कि आप कुछ ही मिनट में घर पर तंदूर तैयार कर सकते हैं। जी हां, आपको बस खाली पड़ा गमला चाहिए होगा। सबसे पहले गमले को अच्छी तरह से साफ करें। फिर अच्छी तरह से धोकर गमले को सूखने के लिए रख दें। अब मिट्टी वाली जगह पर गमले को रखें। इसके अंदर आग जलाने के लिए लकड़ी या फिर कोयले का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### डेक वुड का कर सकते हैं इस्तेमाल

आप तंदूर में आग लगाने के लिए डेक वुड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जब तंदूर में इस लकड़ी को डालकर खाना पकाया जाता है तब इसका स्वाद ही नहीं बल्कि महक भी खाने में आ जाती है और इस वजह से खाने का जायका बदल जाता है। लोगों को तंदूरी चिकन या पनीर का स्वाद यहां इसलिए अलग लगता है और अपनी तरफ खींच लाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां का तंदूरी खाना डेक वुड में बनता है। अब आप अगर घर पर तंदूर में खाना पकाते हैं तो फिर आप अब से इस खास लकड़ी में ही खाना पकाएं, क्योंकि इसका स्वाद खाने को और भी ज्यादा अच्छा बना देगा। एक बाउल में मैदा, गेहूं का आटा, नमक, खमीर, दूध और घी डालकर गर्म पानी से आटा गूंथ लें। आटे को 30 मिनट के लिए रेस्ट करने दें, ताकि ये सेट हो जाए। अब एक पैन में मक्खन डालें और धीमी आंच पर गर्म करें।

# क्या 13 नंबर सच में अशुभ होता है?

कई बार किसी नंबर के लिए हमारी कोई धारणा होती है और उसे हम सच मान लेते हैं। ऐसे ही 13 नंबर को लेकर कई भ्रांतियां हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानें।

हमारे धर्म शास्त्रों में कई ऐसी बातें बताई गई हैं जिनका पालन जरूरी माना जाता है। ऐसे ही कई लोगों का मानना है कि 13 नंबर शुभ नहीं माना जाता है। दरअसल इसी मान्यता की वजह से आपने देखा होगा कि कई होटल में 13 नंबर का कमरा नहीं होता है, कई अपार्टमेंट में इस नंबर की फ्लोर नहीं होती है और लिफ्ट में 13 नंबर की बटन नहीं होती है। दरअसल सदियों से इस नंबर को शुभ नहीं माना जाता है। लेकिन क्या ऐसा सच है कि नंबर 13 अशुभ है और इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए? क्या 13 नंबर के इस्तेमाल से आपको नुकसान हो सकते हैं? क्या यह नंबर आपके जीवन में कई नकारात्मक बदलाव ला सकता है? इन सभी सवालों के जवाब जानने के लिए हमने ज्योतिषविद प्रद्युम्न सूरी से बात की। आइए उनसे जानें इसके पीछे की सच्चाई के बारे में जो शायद आपकी सोच भी बदल सकती है।



### क्या 13 नंबर अशुभ है?

अंक शास्त्र की मान्यताओं के अनुसार विभिन्न देशों में 13 अंक को लंबे समय से अशुभ माना जाता रहा है। हालांकि यदि हम इस नंबर के शुभ-अशुभ फलों की बात करें तो ऐसा कहना गलत है कि यह नंबर शुभ नहीं है। हाल ही में अयोध्या के राम मंदिर में मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा 22-01-2024 को की गई है। अगर हम अंक ज्योतिष की बात मानें तो प्राण-प्रतिष्ठा के दिन के सभी अंकों का योग 13 है। हालांकि इसका एकल अंक 4 मिलता है। ज्योतिषविद प्रद्युम्न सूरी के अनुसार, 22 जनवरी, 2024 को श्री राम मूर्ति के अभिषेक से एक दिलचस्प संख्यात्मक योग प्राप्त हुआ 2 + 2 + 1 + 2 + 0 + 2 + 4 = 13 प्राप्त हुआ है। अयोध्या मंदिर में भगवान श्री राम की उपस्थिति से जुड़ी यह अनूठी गणना, संख्या 13 के पारंपरिक रूप से प्रचलित अशुभ अर्थों के लिए एक चुनौती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## इंटरस्टेलर का भारत में दिख रहा क्रेज, री-रिलीज से पहले बिके एक लाख से ज्यादा टिकट



क्रिस्टोफर नोलन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इंटरस्टेलर' एक बार फिर भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस बार फिल्म को आईमैक्स में भी रिलीज किया जाएगा। इसकी वापसी को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक फिल्म के एक लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। फिल्म के निर्माताओं ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, ₹एक लाख+ टिकट बिक चुके हैं और गिनती जारी है! अंतरिक्ष और समय के सफर की यात्रा जारी है।₹ इंटरस्टेलर की कहानी उस भविष्य के समय पर आधारित है जब पृथ्वी इंसानों के रहने के लिए अयोग्य हो जाती है। इसके बाद फिल्म के मुख्य पात्र जोसेफ कूपर (मैथ्यू मैककोनाहे) और उनकी टीम अंतरिक्ष में एक नया ग्रह खोजने के लिए रवाना होते हैं। इसमें ऐनी हैथवे, जेसिका चैस्टेन जैसे सितारे भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म 7 फरवरीको भारत में सात दिनों के लिए विशेष रूप से रिलीज की जा रही है। यह फिल्म न केवल दर्शकों को अपनी शानदार कहानी और दृश्यात्मक प्रभावों से आकर्षित करने की कोशिश करेगी, बल्कि इस बार दर्शकों को आईमैक्स वर्जन में इसका और भी शानदार अनुभव मिलेगा।

### टॉलीवुड

## अल्लू की अगली फिल्म पर आया अपडेट क्या पौराणिक कथा पर आधारित होगी ?



अल्लू अर्जुन की 22वीं फिल्म को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। आइए जानते हैं कि उनकी इस फिल्म को लेकर क्या अटकलें चल रही हैं। अल्लू अर्जुन हाल ही में 'पुष्पा 2 द रूल' में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने अपने दमदार अभिनय से लोगों का दिल जीत लिया। अब उनकी आगामी फिल्मों को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं। कुछ रिपोर्ट्स से यह संकेत मिल रहे हैं कि अल्लू अर्जुन और निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास फिर से एक साथ काम कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि इस बार उनकी फिल्म हिंदू पुराणों पर आधारित हो सकती है। हालांकि, इसको लेकर कोई भी आधिकारिक एलान अब तक नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अल्लू अर्जुन को इस फिल्म में भगवान कार्तिकेय पर आधारित किरदार निभाने का मौका मिल सकता है। इस फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा और यह एक सामाजिक-पुराणिक फैंटेसी फिल्म हो सकती है। अगर यह फिल्म सचमुच बनती है तो यह त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ अल्लू अर्जुन की यह चौथी फिल्म होगी। दोनों ने साल 2012 में 'जुलाई' फिल्म से साथ काम करना शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने सन ऑफ सत्यमूर्ति और अला वैकुंठपुरमुलु जैसी हिट फिल्मों में भी साथ काम किया। त्रिविक्रम और अल्लू अर्जुन की जोड़ी हमेशा से ही सुपरहिट रही है। दर्शकों को दोनों की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है।अल्लू अर्जुन की हालिया रिलीज फिल्म की बात करें तो पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच चुकी है। इस फिल्म ने 54 दिनों में 1232.44 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म अब भी सिनेमाघरों में मजबूती से टिकी हुई है। जल्द ही यह फिल्म ओटीटी पर भी दस्तक देने वाली है। हालांकि, हिंदी भाषी दर्शकों को इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा।

### छॉलीवुड

## पारिवारिक फ़िल्म "दूल्हा राजा" अब यू-ट्यूब पर धूम मचा रही



बीते साल की सुपरहिट छत्तीसगढ़ी परिवारिक फ़िल्म "दूल्हा राजा" अब यू-ट्यूब पर भी धूम मचा रही है। इंटरनेट प्लेटफार्म पर रिलीज होते ही दो दिन के भीतर 3 लाख 14 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे देख लिया है और यह तादाद बढ़ती जा रही है। एसआरके म्यूजिक सीजी के यूट्यूब चैनल पर 26 जनवरी सुबह 7 बजे इस फिल्म को अपलोड किया गया था। इसके बाद से घरेलू मनोरंजन और शिक्षाप्रद इस फिल्म को देखने लोग उमड़ पड़े हैं। प्रतिष्ठित संस्थान अरण्य सिनेमा के बैनर तले दुल्हा राजा फिल्म के लेखक, निर्देशक, निर्माता और अभिनेता राज वर्मा की इस फिल्म ने पिछले साल सिनेमाघरों में लोगों का खूब मनोरंजन किया था। फिल्म की कहानी छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित है और उसमें एक मुख्य प्रेम कथा चलती रहती है और उसके इर्द= गिर्द दहेज मांगने,लेने -देने पर कटाक्ष किया गया है। फिल्म में डिजिटल वीडियोग्राफी का इस्तेमाल किया गया है। फिल्म छत्तीसगढ़ में ही कई लोकेशन पर फिल्माई गई है। जो कि खूबसूरत नजर आते हैं। फिल्म में अभिनेत्री के रूप में लीड रोल में काजल सोनबेर ने काम किया है। वहीं करीब 12 साल के बाद लीड विलेन बाली सिंह के रुप के रुप में अभिनेता मनमोहन ठाकुर ने इसमें अपनी अलग छाप छोड़ी है। फिल्म में अन्य मुख्य भूमिकाओं में प्रदीप शर्मा,उपासना वैष्णव, संजय महानंद, हेमलाल कौशल, शैलेंद्र भट्ट, राखी सिंह,दिव्या नागदेव,क्रांति दीक्षित,सोहेल खान,अंशु मानिकपुरी,राजू शर्मा और अनुराधा दुबे इत्यादि ने काम किया है।

### फैशन में भारतीयता

लाइफ स्टाइल



भारत की विविध रचनात्मक प्रतिभा का जश्न मनाने के लिए नोएडा में डिज़ाइन किए गए भारत डिज़ाइन शो ने वैश्विक फैशन रुझानों को भी भारतीय मंच पर पेश किया। इस कार्यक्रम में दिखाए गए कलेक्शन में जेन जेड से प्रेरित कैज़ुअल वियर से लेकर अवंत-गार्डे, फ्यूचरिस्टिक डिज़ाइन तक शामिल किए गए। इस शो में अभिनेत्री और मॉडल ज़ोया अफ़रोज़ ने शोस्टॉपर के रूप में रनवे की शोभा बढ़ाई।

## जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर बन सकता है परेशानी का सबब

अपनी स्किन की जरूरतों के अनुसार आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन जब आप जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर अप्लाई करते हैं तो इससे आपकी स्किन को कुछ नुकसान भी उठाने पड़ सकते हैं। अगर आप अपनी स्किन को हाइड्रेट करने के चक्कर में जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपकी स्किन के पोर्स क्लॉग हो सकते हैं। चूंकि विंटर में हम सभी थिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं तो ऐसे में यह संभावना और भी ज्यादा बढ़ जाती है।

अगर आप ऐसे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें कॉमेडोजेनिक इंग्रीडिएंट्स हैं तो ऐसे में आपको ब्रेकआउट्स व अन्य स्किन प्रोब्लम्स हो सकती हैं। आजकल मार्केट में मिलने वाली अच्छी क्वालिटी के ब्रांडेड प्रोडक्ट काफी महंगे होते हैं। ऐसे में जब आप जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं तो इस तरह आप अपने प्रोडक्ट को ही बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में आपकी जेब पर भी अतिरिक्त जोर पड़ता है। हमेशा ध्यान रखें कि आपकी स्किन केवल एक निश्चित मात्रा तक ही मॉइश्चराइजर को अब्जॉर्ब कर सकती है।

अगर आप उससे अधिक मॉइश्चराइजर लगाते हैं तो यह पूरी तरह से वेस्ट हो जाएगा। कई बार हम सोचते हैं कि ठंड में स्किन बहुत अधिक रूखी है तो ऐसे में बहुत अधिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे स्किन आसानी से अब्जॉर्ब कर लेगी। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। जब आप बहुत अधिक मॉइश्चराइजर लगाते हैं तो इससे आपकी स्किन अधिक चिकनी व चिपचिपी महसूस हो सकती है।



इससे आपको अनकंफर्टेबल भी फील हो सकता है। अगर आप फेस पर अधिक मॉइश्चराइजर लगाते हैं तो इससे आपको मेकअप करने में भी परेशानी आ सकती है।

## सर्दियों में साड़ी पहनते समय अपनाएं ये ट्रिक्स, नहीं लगेगी ठंड



फैशन

सर्दियां शुरू हो गयी है। सर्दियां लगभग सबको पसंद होती है। इस मौसम में शादी पार्टी का मज़ा ही कुछ और होता है लेकिन ज्यादा ठंड महिलाओं के लिए मुसीबत बन जाती हैं क्योंकि सर्दी के मौसम में महिलाएं शादी के मौके पर खुद को स्टाइल नहीं कर पातीं। दरअसल, महिलाएं महंगे और स्टाइलिश एथनिक या पार्टी वियर कपड़े पहनती हैं लेकिन ठंड बढ़ने के कारण उन्हें स्वेटर या कोट आदि को ऊपर से कैरी करना पड़ता है।



ऐसे में उनकी खूबसूरत ड्रेस स्वेटर के नीचे छिप जाती है। इसके अलावा अगर वह विंटर वियर नहीं पहनती तो ठंड और ठिठुरन से परेशान रहती हैं। ऐसे में सारा फैशन बेकार हो जाता है। इसलिए सर्दियों में किसी कार्यक्रम पर साड़ी पहनने वाली महिलाओं को फैशन के मामले में सबसे अधिक परेशानी होती है। आज हम आपको सर्दियों में शादी सीजन के लिए कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताएंगे, जिसे आजमा कर आप साड़ी को स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकती हैं और आपको ठंड से भी बच सकती हैं। तो चलिए जानते हैं सर्दियों में बिना स्वेटर के साड़ी पहनने के टिप्स और ट्रिक्स।

### फुल स्लीव्स ब्लाउज पहनें

ठंड से बचने के लिए आप ब्लाउज स्टाइल का चयन करते समय ध्यान रखें कि ब्लाउज फुल स्लीव्स के हों। फुल स्लीव्स ब्लाउज फैशन के मुताबिक भी ट्रेंड में हैं। कई मौकों पर अभिनेत्रियों को पूरे बाजू वाले ब्लाउज में देखा जा चुका है।

### लांग ब्लाउज कैरी करें

साड़ी के साथ लॉन्ग ब्लाउज भी पहन सकती हैं। लॉन्ग ब्लाउज का फैशन हमेशा रहता है। इस तरह के ब्लाउज के नीचे आप इनर या बॉडी वार्मर पहन सकती हैं।

### इंडो वेस्टर्न साड़ी पहने

सर्दी के मौसम में आप इंडो वेस्टर्न साड़ी कैरी कर सकती हैं। ये एथनिक लुक को मॉडर्न टच देने के साथ ही ठंड से भी बचाएंगी। इसमें आप पैंट स्टाइल साड़ी पहन सकती हैं।

## बेहद खास हैं मेकअप लुक्स आप भी कर सकते हैं क्रिएट

मेकअप करने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन टाइप का खास ध्यान रखें और फिर अपने लिए बेस्ट लुक को चूज करें। मेकअप करना हम सभी को काफी पसंद होता है और इसके लिए हम रोजाना मेकअप करके ऑफिस या फिर कहीं बाहर घूमने निकलते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि हम किसी पार्टी में जाने के लिए तैयार होते हैं और उसके लिए बॉलीवुड की अलग-अलग एक्ट्रेस के मेकअप लुक्स को रीक्रिएट करते हैं, ताकि इन एक्ट्रेस की तरह हम भी खूबसूरत नजर आए। शहनाज गिल को भी काफी लोग पसंद करते हैं इसलिए जब भी वो सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट शेयर करती हैं तो उसे देखना जरूर पसंद करते हैं।

### ग्लॉसी मेकअप लुक

नाइट पार्टी में जाना हम सभी को काफी पसंद होता है। इसके लिए आप एक्ट्रेस शहनाज गिल के इस गोल्ड ग्लिटर मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं। इससे स्किन ग्लॉसी और शाइनी लगती है साथ ही एक अलग सी चमक नजर आती है। इसके लिए आपको बेस को गोल्ड में रखना होगा और



आंखों को ग्लिटर से हाइलाइट। लिपस्टिक में आप लाइट न्यूड ब्राउन शेड चूज कर सकती हैं। शहनाज गिल के इस मेकअप लुक को Sachin Salvi द्वारा क्रिएट किया गया है। आप इसे घर पर रखे मेकअप प्रोडक्ट के इस्तेमाल से मिनटों में क्रिएट कर सकती हैं।

### बोल्ड रेड मेकअप लुक

अगर आपको रेड कलर पसंद है या फिर आप शहनाज गिल की तरह इस तरीके के आउटफिट्स को (शहनाज गिल के हेयर स्टाइल) स्टाइल कर रही हैं तो ऐसे में आप बोल्ड रेड मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं।

## जानिए हेयर सीरम लगाने का सही तरीका

बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए नियमित हेयर केयर रूटीन के अलावा कुछ प्रोडक्ट के सपोर्ट की जरूरत भी पड़ती है जैसे, हेयर सीरम। हेयर सीरम बालों की समस्याओं से काफी हद तक आपको बचाने में मदद कर सकता है। इसलिए इस आर्टिकल में मैं बताऊंगा कि हेयर सीरम क्या है? इसके साथ ही आप हेयर सीरम की जरूरत, काम करने, लगाने के तरीके ही हेयर सीरम के फायदों के बारे में भी जान पाएंगे।

### हेयर सीरम कैसे लगायें?

बालों को धोने के बाद गीले बालों पर लगाएं, बालों को ब्लो ड्राई करने से पहले लगाएं, हेयर सीरम को ऑयली स्कैल्प पर न लगाएं , हेयर सीरम को ज्यादा न लगाएं, बिना धुले बालों पर न लगाएं

### बाल क्यों टूटते हैं?

बालों के टूटने का कारण जानने से पहले बालों की संरचना के बारे में जानना भी जरूरी है। बाल के हर रेशे के भीतर 3 परतें होती हैं। क्यूटिकल, मेडुला कॉरटेक्स

पर्यावरण के प्रभावों और ज्यादा गर्मी में रहने के कारण बालों की सबसे बाहरी परत यानी क्यूटिकल को नुकसान पहुंचता है। क्यूटिकल को नुकसान पहुंचते ही भीतरी परत मेडुला बाहर निकल आती है। इसकी



वजह से बालों में रूखे होकर टूटने, दोमुंह बालों, उलझने और टूटने की समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

### हेयर सीरम क्या है?

हेयर सीरम एक लिक्विड बेस्ड ट्रीटमेंट है, जिसे आमतौर पर ऑयल और सिलिकॉन्स से बनाया जाता है। तेल और सिलिकॉन मिलकर बालों के ऊपर एक सुरक्षा परत बना लेते हैं, जिससे बालों को उलझने से बचाया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से बाल मुलायम, चिकने और चमकदार रहते हैं।

कार्नर न्यूज

### आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक, अच्छी ड्रेसिंग से मिलेगा आपको

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए चाहिए स्टाइलिश और मिनिमल लुक तो फॉलो करें जरूरी टिप्स

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-

### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर




लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज को पहचान लीजिए- सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई, सनग्लासेस।

### .ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा



लगता था। ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।

### ग्राफिक जींस भी तो हैं न

ग्राफिक जींस भी ऐसी होती हैं जो हर जेंडर पर सूट करती हैं। इसको कई बार लोग थोड़ी ढीली पहनते हैं और इसके साथ स्किनी जींस से लुक पूरा करते हैं।